


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 105 | ग्वालियर बुधवार, 25 जनवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## एक नजर

### 22 साल के लड़के ने टेडी बनकर रेलवे क्रॉसिंग पर किया डांस, वीडियो वायरल होने पर गिरफ्तार



यूपी के गोरखपुर में रेलवे क्रॉसिंग पर एक लड़के ने टेडी के आउटफिट्स में डांस किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया. लाइक?स कमेंट्स की बाढ़ आई गई, लेकिन इसके बाद उसे जेल भी जाना पड़ा है.उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में रेलवे क्रॉसिंग पर एक युवक ने भालू जैसे कपड़े (टेडी कॉस्ट्यूम) पहनकर डांस किया. उस दौरान वहां से ट्रेन गुजर रही थी और अन्य वाहनों का आवागमन भी हो रहा था. वहां युवक डांस करते हुए खुद अपना वीडियो शूट करवा रहा था, बाद में उसका वीडियो वायरल हो गया.टेडी% बनकर रेलवे फाटक पर डांस करना हालांकि युवक को भारी पड़ गया, उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. उसके खिलाफ आरपीएफ ने कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया है. युवक की पहचान 22 वर्षीय सूरज कुमार के तौर पर हुई. रेलवे ट्रैक के किनारे खड़े होकर रील पर डांस करते सूरज का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. बताया जाता है ऐसा उसने रील बनाने के लिए किया. अपने वीडियो पर अधिक लाइक्स और व्यूज बटोरने के लिए, उसने एक टेडी कॉस्ट्यूम पहना और गोरखपुर में रेलवे क्रॉसिंग पर जाकर खड़ा गया. उसके बाद वह वहां नाचने लगा. सूरज ने जैसा सोचा था, वैसे ही वीडियो तेजी से वायरल हो गया. हालांकि, इसकी कीमत उसे सलाखों के पीछे जाकर चुकानी पड़ी है.

### बीबीसी डॉक्यूमेंट्री विवाद पर बीजेपी को मिला कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे का साथ, कहा- ये खतरनाक चलन है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गुजरात दंगों पर बनी बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को लेकर जमकर बवाल हो रहा है. इस मामले पर बीजेपी को कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे अनिल के एंटनी का समर्थन मिला है. अनिल एंटनी ने कहा है कि भारतीय संस्थानों के मुकाबले ब्रिटिश प्रसारक के विचार को महत्व देने से देश की संप्रभुता प्रभावित होगी.पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी हाल तक कांग्रेस की केरल इकाई के डिजिटल संचार का जिम्मा संभालते थे. उनकी टिप्पणी ऐसे समय आई है जब प्रदेश कांग्रेस की अलग-अलग शाखाओं ने घोषणा की है कि वे साल 2002 में हुए गुजरात दंगों पर विवादित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन करेगी. दंगों के वक्त नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे.ट्विटर पर अनिल एंटनी ने कहा, ÷बीजेपी के साथ तमाम मतभेदों के बावजूद बीबीसी और ब्रिटेन के पूर्व विदेश मंत्री जैक स्ट्रॉ के विचारों को भारतीय संस्थानों के विचारों से अधिक महत्व देना खतरनाक चलन है और इससे देश की संप्रभुता प्रभावित होगी.÷ अनिल एंटनी ने ट्वीट में यह भी कहा, ÷बीबीसी एक सरकार प्रायोजित चैनल है और भारत के प्रति कथित पूर्वाग्रह का उसका इतिहास रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि जैक स्ट्रॉ ने ही 'इराक युद्ध की योजना' बनाई थी. साल 2003 में अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन ने इराक पर हमला कर दिया था.

### 25 लाख कैश, 3 किलो सोना और स्टाफ को लगाई हथकड़ी...श्रष्ठ अधिकारी बताकर व्यापारी से लूट ली करोड़ों की संपत्ति



मुंबई में अक्षय कुमार की फिल्मस्पेशल 26 की तरह एक मामले सामने आया है. यहां के झावेरी बाजार इलाके में फर्जी ईडी अधिकारी बनकर छापेमारी और करोड़ों की लूटपाट की गई. कुछ लोगों ने एक व्यापारी के कार्यालय में 23 जनवरी (सोमवार) को रेड करते हुए खुद को ईडी का अधिकारी बताया था. आरोपियों ने शिकायतकर्ता व्यापारी के ऑफिस में एक कर्मचारी को हथकड़ी भी लगाई थी. इसके बाद आरोपियों ने कार्यालय से 25 लाख रुपये कैश और 3 किलो सोना चुरा लिया. गोल्ड की कुल कीमत एक करोड़ 70 लाख बताई जा रही है.

### बिजली में कुछ को सब्सिडी और अन्य लोगों से ज्यादा कीमत वसूलना बंद करें




अर्थशास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने सोमवार (23 जनवरी) को एक कार्यक्रम में कहा कि अगर जीवाश्म ईंधन से परे भारत के ऊर्जा परिवर्तन को सफल होना है तो राज्य सरकारों को कुछ उपभोक्ताओं को बिजली में सब्सिडी जबकि अन्य से ज्यादा कीमत वसूलने पर रोक लगाने के राजनीतिक रूप से कठिन फैसले को लेने की आवश्यकता होगी.कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय सचिव और बीजेपी नेता राम माधव भी मौजूद थे. दिल्ली में सामाजिक और आर्थिक प्रगति केंद्र की ओर से %भारत में जलवायु परिवर्तन के प्रबंधन% विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया था. भारत को 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन को हासिल करने के लिए जिन उपायों की जरूरत होगी, उन पर सेमिनार में चर्चा की गई. द प्रिंट की रिपोर्ट के मुताबिक, अर्थशास्त्री अहलूवालिया ने कहा, %%आप ऐसे सिस्टम को जारी नहीं रख सकते है जहां कुछ कृपापात्र उपभोक्ताओं (किसानों और कम आय वालों दोनों) को बिजली मुफ्त मिले. वह बोझ इंडस्ट्री पर चला जाता है और फिर वे प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (क्क्क्) सहायता की मांग करने लगते हैं. उन्होंने कहा, %%बिजल पर सीधे सब्सिडी देने के बजाय, हम इंडस्ट्री से बहुत ज्यादा शुल्क लेकर क्रॉस सब्सिडी दे रहे हैं,

# किसी दोस्त से मिलने गई थी श्रद्धा और फिर.आफताब के खिलाफ चार्जशीट में खुलासा

हत्या वाले दिन अपने किसी दोस्त से मिलने गई थी श्रद्धा और फिर..आफताब के खिलाफ चार्जशीट में खुलासा दिल्ली पुलिस ने श्रद्धा मर्डर केस को लेकर मंगलवार (24 जनवरी) को नया खुलासा किया है. साकेत कोर्ट में 6 हजार से ज्यादा पन्नों की चार्जशीट दायर करने के बाद पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके खुलासा किया है. दिल्ली पुलिस की ज्वाइंट सीपी मीनू चौधरी ने बताया कि जिस दिन श्रद्धा की हत्या हुई वो अपने किसी दोस्त से मिलने गयी थी. इससे आरोपी आफताब पूनावाला गुस्सा हो गया और वो नहीं चाहता था कि श्रद्धा किसी से भी दोस्ती करें. इस कारण श्रद्धा को आफताब ने जान से मार दिया. उन्होंने कहा कि केस में पहले आईपीसी की धारा 365 में मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में इसमें धारा 302 भी जोड़ दी गयी थी.




**चार्जशीट में क्या है**-मीनू चौधरी ने बताया कि दिल्ली छतरपुर में श्रद्धा के शव के कुछ टुकड़े मिले हैं. जांच में साइंटफिक मेथड का इस्तेमाल किया गया. डिजिटल सबूत के तौर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, त्क्क्ष् लोकेशन को भी ट्रैक किया गया. 6000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी गई है. आफताब को 12 नवंबर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था.

**कोर्ट में आफताब ने क्या मांग क**-श्रद्धा हत्याकांड में आफताब पूनावाला के खिलाफ मंगलवार को साकेत कोर्ट में पुलिस ने 6,629 पन्नों का चार्जशीट दायर की. कोर्ट ने आफताब की न्यायिक हिरासत की दो हफ्ते के लिए बढ़ाकर सात फरवरी तक कर दी. आफताब ने कोर्ट में इस दौरान कहा कि वह अपने वकील एम एस खान को बदलना चाहता है इसलिए उन्हें चार्जशीट कॉपी ना दी जाए. उसने मजिस्ट्रेट से चार्जशीट की कॉपी मांगी तो इस पर मजिस्ट्रेट ने कहा कि वो 7 फरवरी को इस पर संज्ञान लेंगे.

## मुझे जेल में डालने के लिए ठाकरे सरकार ने अधिकारी को दिया था टारगेट, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस का दावा

देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा खुलासा करते हुए तत्कालीन महाराष्ट्र विकास आघाड़ी की ठाकरे सरकार पर बेहद गंभीर आरोप लगाए है. देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ठाकरे सरकार उन्हें जेल में डालना चाहती थी, जिसका टारगेट तत्कालीन मुंबई पुलिस आयुक्त संजय पांडेय को दिया गया था. फडणवीस ने यह खुलासा एबीपी न्यूज़ नेटवर्क के मराठी चैनल एबीपी माझा के विशेष कार्यक्रम 'माझा महाराष्ट्र.. माझा विज़न' के मंच पर कहा .उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खुलासा किया है कि मुझे जेल में डालने का टारगेट ठाकरे सरकार के दौरान तत्कालीन सीपी संजय पांडेय को दिया गया था. फडणवीस ने कहा, %पिछले ढाई साल की सरकार में तत्कालीन सीपी संजय पांडेय को मेरे खिलाफ केस दर्ज करने, मेरे खिलाफ क्रिमिनल



केस फाइल करने, मुझे जेल में डालने का टारगेट दिया गया था. बेशक मैने ऐसा कुछ भी नहीं किया था कि मुझे जेल में डाल सके. इसलिए उनका प्रयास सफल नहीं हुआ.'

**उनके प्रयास सफल नहीं हुए**- उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मैं राजनीतिक दुश्मनी नहीं रखता. राजनीतिक दुश्मनी से हमारी सरकार नहीं बढ़ेगी. लेकिन इस ढाई साल की सरकार में तत्कालीन सीपी संजय पांडेय को मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, मेरे खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने और मुझे जेल में डालने का लक्ष्य दिया गया था. बेशक मैंने ऐसा कुछ नहीं किया कि वे मुझे जेल में डाल सकें. इसलिए उनके प्रयास सफल नहीं हुए. लेकिन महाविकास अघाड़ी सरकार की ओर से मुझे किसी भी मामले में फंसाने और जेल में डालने का आदेश था, यह भी सत्य है. पुलिस प्रशासन में किसी से भी पूछो, वे यही कहेंगे.÷

### कार ने टक?कर मारकर बाइक सवार को सड़क पर 12 किलोमीटर तक घसीटा, पति-पत्नी दोनों की दर्दनाक मौत

गुजरात के सूरत जिले में एक कार चालक ने बाइक सवार युवक को कई किलोमीटर तक रौंदा. इस घटना में बाइक सवार युवक और उसकी पत?नी की दर्दनाक मौत हुई. पुलिस ने बताया कि कार ने युवक को सड़क पर करीब 12 किलोमीटर तक घसीटा था. यह घटना कडोदरा-बारडोली मार्ग पर 18 जनवरी की रात को उस समय हुई जब पीड़ित बाइक चला रहा था, जबकि उसकी पत्नी बाइक की पीछे की सीट पर थी. पुलिस ने बताया कि घटना का शिकार हुआ मोटरसाइकिल सवार युवक 24 साल का था, जिसे बाद में सागर पाटिल के रूप में पहचाना गया.

**युवक को कार ने 12 किमी तक घसीटा**-एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि एक स्थानीय शख्स ने अपने मोबाइल फोन पर तेज रफ्तार कार का वीडियो रिकॉर्ड किया था, जिससे पुलिस को कार की पहचान करने में मदद मिली, उन्होंने कहा कि कार के चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## लोग और अब सिर्फ., राहुल गांधी का गुलाम नबी आजाद पर तंज

राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा जम्मू कश्मीर में है, यहां चुनावी चर्चा भी जोरों पर है, इसी बीच उन्होंने कांग्रेस के पूर्व नेता और सीएम गुलाम नबी आजाद पर तंज कसा है. राहुल गांधी ने मंगलवार (24 जनवरी) को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, गुलाम नबी आजाद की पार्टी (डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी) के लोग हमारे स्टेज पर बैठे थे. डीएपी के 90 फीसदी लोग कांग्रेस में शामिल हो गए तो अब सिर्फ




आजाद पार्टी में बचे हैं. आप चाहते हैं कि मैं उनका आदर करूं तो मुझे उनका सम्मान करने में कोई परेशानी नहीं है. उन्होंने यह जवाब मीडिया के आजाद को भारत जोड़ो यात्रा में ना बुलाने के सवाल पर दिया है.हाल ही में जम्मू कश्मीर के पूर्व डिप्टी सीएम ताराचंद सहित डीएपी के 17 पूर्व नेता कांग्रेस में वापस आ गए थे. इसको लेकर ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तंज कसा है. बता दें कि चर्चा थी कि गुलाम नबी आजाद को जम्मू कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा में बुलाया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ.

## पुलवामा पर बयान देकर अकेले पड़े दिग्विजय सिंह तो अब सफाई में बोले, किसी ने सेना से सवाल नहीं किया, मेरा सवाल.

कांग्रेस नेता एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पुलवामा हमले स्ट्राइक पर दिए बयान को लेकर चर्चा में हैं. अपने बयान पर सफाई देते हुए मंगलवार (24 जनवरी) को उन्होंने एक बार फिर इस मामले में कुछ सवाल उठाए हैं. दिग्विजय सिंह ने कहा कि सरकार बताए पुलवामा में 40 के जवानों की जान कैसे गई, आतंकवादी 300 किलो आरडीएक्स कहां से ला सकता थादिग्विजय सिंह ने एक पूर्व सैन?य अधिकारी प्रवीण डावर का जिक्र करते हुए ट्वीट किया,मैंने अपनी सशस्त्र सेना को सर्वोच्च सम्मान दिया है. मेरी दो बहनों की शादी नेवल ऑफिसर्स से हुई. मैं प्रवीण डावर जी से सहमत हूं. रक्षा अधिकारियों से कुछ पूछने का सवाल ही नहीं उठता. मेरे सवाल मोदी सरकार से हैं.कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ये बताएएक दिन पहले ही कांग्रेस नेता एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सर्जिकल



स्ट्राइक पर सवाल उठाया था. दिग्विजय सिंह ने सोमवार को जम्मू में कहा कि सरकार ने अब तक सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत नहीं दिया है. केंद्र सरकार सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में बात करती है कि हमने इतने लोग मार गिराए हैं, लेकिन सबूत कुछ नहीं है.2016 में हुए सर्जिकल स्ट्राइक के अलावा दिग्विजय ने 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले को लेकर भी प्रधानमंत्री को घेरा. कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पुलवामा हमले के वक्त अफसरों ने कहा था कि जवानों को एयरक्राफ्ट से मूवमेंट कराया जाए, पर प्रधानमंत्री नहीं माने.दिग्विजय सिंह के इन बयानों को लेकर बीजेपी कांग्रेस पर हमलावर हो गई. दिग्विजय सिंह ने जो कहा, उसे बीजेपी नेताओं ने गैरजिम्मेदाराना बयान करार दिया. वहीं, मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी दिग्विजय सिंह के बयान से पल्ला झाड़ लिया. राहुल ने कहा है कि हमने सेना के शौर्य पर कभी सवाल नहीं उठाया है. अगर सेना कुछ करती है तो उस पर सबूत की जरूरत नहीं. दिग्विजय जी की निजी राय है. मैं उनके बयान से सहमत नहीं हूं.दिग्विजय सिंह ने पुलवामा हमले को लेकर सोमवार को मोदी पर भी निशाना साधा था.

## अमित शाह ने लॉन्च की भारत में बनी पहली वैक्सीन, अदार पूनावाला रहे

देश को सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ पहली स्वदेशी वैक्सीन मिल गई है. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित ह्यूमन पेपिलोमा वायरस की वैक्सीन को लॉन्च कर दिया है. आज



(24 जनवरी) बालिका दिवस के मौके पर अमित शाह ने कहा कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से लोगों का बचाव करेगी.

**एचपीवी से बचाव के लिए लॉन्च हुई पहली वैक्सीन**-बता दें कि एचपीवी वैक्सीन को बनाने में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के विशेषज्ञ कई महीनों से जुटे थे. लगभग 5 महीने पहले उनकी वैक्सीन क्वाड्रिवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन के नाम से तैयार की गई थी. अब एचपीवी वैक्सीन को आधिकारिक तौर पर लॉन्च कर दिया गया है.

## गणतंत्र दिवस पर 21 तोपों की सलामी देगी स्वदेशी 105एमएम, जानिए इस परंपरा के पीछे का इतिहास

भारत के आजाद होने के बाद से हर साल हमारे देश में गणतंत्र दिवस के मौके पर 21 तोपों की सलामी होती रही है. लेकिन इस साल 26 जनवरी के मौके पर इस परंपरा में बदलाव लाया जाएगा. अब तक इस मौके पर 21 तोपों की सलामी के लिए ब्रिटिश जमाने की 25 पाउंडर गन का इस्तेमाल किया जाता था. लेकिन अब इसकी जगह भारत में बनी 105 एमएम की इंडियन फील्ड गन का इस्तेमाल किया जाएगा. इस सलामी की आवाज राष्ट्रगान की पूरी 52-सेकंड के समय को कवर करने के लिए हर 2.25 सेकंड पर तीन राउंड में सात तोपें दागी जाती हैं और इसे 21 तोपों की सलामी कहा जाता है. सलामी के दौरान अब तक जिस तोप का इस्तेमाल किया जाता रहा है. किसी जमाने में इस पर सबकी निगाहें टिकी होती थीं. इसके आवाज को सुनने के लिए लोग इतना उत्साहित रहते थे कि भारतीय महाराजाओं ने इसे ध्यान से सुनने के लिए और उनके बैरल से चलाई गई गोलियों की सटीक संख्या गिनने के लिए लोगों को नियुक्त किया था. आइये जानते हैं कि 21 तोपों की सलामी की परंपरा



के पीछे आखिर क्या कहानी है? इसे इतना सम्मानजनक क्यों माना जाता हैं? ऐसे ही कुछ सवालों के जवाब हम यहां जानने की कोशिश करेंगे.भारत में 26 जनवरी, 1950 को डॉ राजेंद्र प्रसाद ने भारत के पहले राष्ट्रपति के रूप में शपथ लिया. इसके बाद वह राष्ट्रपति भवन से इरविन एम्फीथिएटर जो अब मेजर ध्यानचंद स्टेडियम के नाम से जाना जाता है, वहां से एक सोने की परत चढ़ा घोड़े की गाड़ी में सवार होकर तब देश के राष्ट्रपति को दी जाने वाली 21 तोपों की सलामी लेने के लिए आए थे. इसके बाद ही आखिरकार 21 तोपों की सलामी का अंतरराष्ट्रीय मानदंड बन गया. साल 1971 के बाद, 21 तोपों की सलामी हमारे राष्ट्रपति और अतिथि राष्ट्राध्यक्षों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान बन गया. अब जब भी कोई नया राष्ट्रपति शपथ लेते है तो उनके सम्मान में 21 तोपों की सलामी दी जाती है. इसके अलावा यह गणतंत्र दिवस जैसे चुनिंदा मौकों पर भी दी जाती है. अब जो सलामी दी जाती है उसमें 21 गोले तो होतें हैं, लेकिन तोप सिर्फ 8 होते हैं. इसमें से 7 तोपों का इस्तेमाल सलामी के लिए होता है, जिससे हर तोप 3 गोले फायर करते है. इस सलामी को देश का सर्वश्रेष्ठ सम्मान माना जाता है.

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में श्रीमती सोनम देवी का आयुष्मान कार्ड बनवाकर तत्काल निराकरण किया

### जनसुनवाई में प्राप्त 72 से अधिक आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर के समक्ष 72 आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर जेपी सैयाम, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अब्दुल गफ्फार सहित अन्य अधिकारी एवं शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जनसुनवाई के दौरान जनपद पंचायत भिण्ड के ग्राम पुलावली निवासी श्रीमती सोनम देवी द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाने,




राष्ट्रीय परिवार सहायता, कल्याणी पेंशन हेतु प्राप्त आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेकर प्रबंधक ई-गवर्नेंस को निर्देशित कर पात्र पाए जाने पर तत्काल आयुष्मान कार्ड बनवाकर निराकरण किया। साथ ही सीईओ जनपद भिण्ड को निर्देशित कर राष्ट्रीय परिवार सहायता एवं कल्याणी पेंशन स्वीकृत करने निर्देश दिए।जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सडक दुर्घटना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए कि आवेदकों की ओर से प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदनों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए साथ ही समस्याओं के निस्तारण के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत भी कराएं।

# माही बीज का पर्व धूम-धाम से मनाया

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।**सीरवी सेवा संघ ट्रस्ट तुमकुर रोड़ अड़कमारणहल्ली बेंगलोर ने माही बीज का महोत्सव धूम-धाम धाम से मनाया ।माही बीज महोत्सव में वरघोड़ा निकाला गया ।अध्यक्ष रामलाल काग ने स्वागत किया ।सचिव नेमाराम पंवार ने आभार व्यक्त किया ।बालिकाओं ने कलश यात्रा निकाली ।इस महोत्सव में समस्त कार्यकारणी मेंबर उपस्थित रहे। बाहर से आए मेहमानों का सम्मान किया और पारस परिहार दुदोड़ ने भजनों की प्रस्तुति दी मित्र मंडल अध्यक्ष सुरेश परिहारिया ने सबको उद्बोधन किया गैर मंडल महिला मंडल नवयुवक मंडल गरबा मंडल सभी ने समाज में अपनी सेवा दी दो दिन पूर्व समाज की एक बेटी का निधन हो गया था समाज के सभी भाईयों ने एक मिनट का मोन रखा समाज के जगदीश लचेटा,तेजाराम बर्फा ,रूपाराम सेंणचा ,लक्ष्मणराम बर्फा, हीरालाल लचेटा, बाबूलाल परिहरिया, रतनलाल मूलेवा ,मदन लाल सिन्दड़ा, जयराम काग, सोहनलाल सोलंकी,सचिव माधुराम राठौ? सहित समाज के गणमान्य उपस्थित रहे । मंच का सम्पूर्ण संचालन मोहन सिरवी ने किया।



# राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन आज जिला पंचायत में

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस के रूप में 25 जनवरी 2023 को 13 वें राष्ट्रीय मतदाता समारोह का आयोजन कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में कोविड-19 की गाईडलाईन को दृष्टिगत रखते हुए दोपहर 12.30 बजे आयोजित किया जाएगा। इसके साथ-साथ जिले की सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाता समारोह का आयोजन किया जायेगा।उप जिला निर्वाचन अधिकारी जेपी सैयाम ने कहा कि कार्यक्रम में मतदाताओं को ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे,शपथ दिलाई जाएगी। इसीप्रकार समस्त कार्यालय प्रमुख अपने-अपने कार्यालय में दोपहर 1 बजे समस्त स्टॉफ को मतदाता दिवस की शपथ भी दिलाना सुनिश्चित करें।

# जिला पंचायत सीईओ ने 116 आवेदकों की सुनी समस्याएं

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन द्वारा मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्?न अंचलों से आने वाले आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुना एवं निराकरण के निर्देश उपस्थित संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 116 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।जनसुनवाई में ग्राम मथाना निवासी महाराज सिंह द्वारा जमीन से कब्जा हटाए जाने,ग्राम मलावनी निवासी गोपाल सिंह रघुवंशी द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति दिलाए जाने,चंदेरी निवासी रमाशंकर चौबे द्वारा कैंसर के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने,ग्राम ढुडेर निवासी ललीता बाई द्वारा मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने,ग्राम मथाना निवासी रामवती बाई द्वारा जमीन का नामांतरण कराये



जाने,ग्राम सहोदरी निवासी राजपाल यादव द्वारा शासकीय नाले से अवैध कब्जा हटाए जाने,ग्राम सांबलहेडा निवासी हरनाम सिंह यादव द्वारा दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर संबल योजना का लाभ दिलाये जाने,अशोकनगर निवासी किशन सेन द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम बीसोर निवासी हरिचरण कोरी द्वारा अंत्येष्टी सहायता राशि एवं परिवार सहायता राशि दिलाए जाने,ग्राम जमाखेडी निवासी हल्के खान द्वारा खदान धसने से बेटी की मृत्यु हो जाने से सहायता राशि दिलाए जाने,ग्राम झीला निवासी लखन सिंह द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने संबंधी अन्य आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त आवेदन संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित कर समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

**जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री जी.एस धुर्वे,एसडीएम श्री राहुल गुप्ता एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।**

### नगर में निकलेगी 1000 फुट के तिरंगा ध्वज की, तिरंगा यात्रा

# द शार्पेज स्कूल गणतंत्र दिवस के अवसर पर निकाल रहा है तिरंगा यात्रा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** नगर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश भक्ति एवं राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत 1000 फुट के तिरंगा ध्वज की तिरंगा यात्रा का आयोजन द शार्पेज स्कूल द्वारा किया जा रहा है इस तिरंगा यात्रा में द शार्पेज स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ तथा शासकीय कन्या विद्यालय की छात्राएं भाग लेगीं। इस यात्रा में घोड़ों पर तिरंगा लिए बच्चे तिरंगा बग्गी, बाइक् तिरंगा से सजी वाहन एवं डीजे साउंड पर बजते हुए देश प्रेम के गीतों से वातावरण को सुंदर व मनोहर झांकियों के साथ निकाला जाएगा। जिसके पीछे स्कूली बैंड, बैंड के पीछे 1000 फीट लंबा तिरंगा ध्वज लेकर दो शार्पेज स्कूल के छात्र छात्राएं एवं स्टाफ तथा कन्या विद्यालय की छात्राएं नगर के विभिन्न मार्गों से 1000 फिट के तिरंगा ध्वज को लेकर निकलेंगे तिरंगा ध्वज के पीछे डीजे साउंड पर राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्र भावना से ओतप्रोत गीतों की मनमोहक ध्वनि के साथ नगर के मार्गो से निकलेगी। इस तिरंगा यात्रा से राष्ट्रभक्ति के रंग में नगर का वातावरण रंग जाएगा। इस यात्रा का शुभारंभ द शार्पेज स्कूल से होगा जिसके पश्चात गल्ला मंडी तिराहा, गोलंबर तिराहा, गंज बाजार, भानु की घटिया, पुराना बस स्टैंड, सदर बाजार होते हुए इटायली गेट पहुंचेगी, जहां से यह यात्रा नया बस स्टैंड मौ रोड़ होते हुए पुनः गोलंबर तिराहा से होते हुए द शार्पेज स्कूल पर इस तिरंगा यात्रा का समापन होगा। 1000 फिट तिरंगा ध्वज तिरंगा यात्रा की जानकारी विद्यालय के डायरेक्टर संजीव निगोतिया ने दी। प्रेस वार्ता में विद्यालय की कार्डिनेटर श्रीमती शैली गुप्ता, प्राचार्या श्री सोनाली गर्ग एवं विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती साधना चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

### संकल्प कावड़ पद यात्रा में हजारों की संख्या में जुटे लोग

# डीजे, बैंड बाजो कि धुन पर, नाच गाकर बसंत पंचमी पर जागेश्वरधाम पहुंचेंगे भोले के भक्त

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** कैबिनेट मंत्री( दर्जा प्राप्त ) राहुल सिंह कि छठवीं संकल्प कावड पद यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दिखाई दिए। जिसमे जिले के पत्रकारों ने भी कांवड़ यात्रा में भाग लेते हुए कुछ किलोमीटर पैदल चलकर राहुल सिंह की यात्रा मैं शामिल होकर उन्हें पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओ का स्वागत किया। इस यात्रा में मीडिया जगत के नामी चेहरे ओ. पी सोनी,बी.डी शर्मा, तनुज पारासर,नरेंद्र अठ्या,रीतेश अवस्थी, बिट्टू दुबे विवेक सेन, जमुना चौबे, अजीत सिंह, ने राहुल सिंह को पुष्प माला पहनाकर उनकी यात्रा का स्वागत किया एवं यात्रा में कुछ दूर तक उनके साथ सभी लोग पैदल



शामिल होकर उन्हें शुभकामनायें दी। यह संकल्प कावड पद यात्रा पिछ्ले 6 वर्षों से निरंतर निकाली जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में लोग इस कावड़ यात्रा में शामिल होते हैं इस यात्रा को निकालने को मुख्य उद्देश्य दमोह क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि के लिए निकाली जाती है इस यात्रा में राहुल सिंह कि धर्म पत्नी राधिका सिंह भी समस्त भक्तों के साथ बरमान नर्मदा घाट से जल लेकर बांदकपुर धाम जाती हैं इस यात्रा का स्वागत ग्रामीण क्षेत्रों के लोग जगह-जगह करते हैं और डीजे बैंड बाजो की धुन पर नाच गाकर यात्रा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ उठाते है। मंगलवार के दिन यात्रा दमोह विधानसभा के नजदीक सतधरू पहुंची यात्रा में राहुल सिंह समस्त पत्रकारों से रू बा रू हुये और यात्रा पर चर्चा की।

### उर्दू विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

# हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र - डॉ. सोनवलकर

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर स्थानीय शासकीय उर्दू उच्च. माध्य. विद्यालय दमोह में मतदाता जागरूकता अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य एवं सहायक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण डॉ. आलोक सोनवलकर रहें। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्जवलन एवं ईश वंदना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 09 वीं की छात्राओं ने रंगोली और चित्रकला के द्वारा लोकतंत्र का संदेश दिया और सबसे आग्रह किया, कि मतदान हमारा मौलिक अधिकार है। कक्षा 11 वीं और 12 वीं की छात्राओं ने स्वीप प्लान की गतिविधि के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता में सहभागिता कर अपने विचार लिखें।



और लोकतंत्र की पवित्र भावना और मौलिक अधिकार की चर्चा की। संस्था की ओर से अतुल चौबे, इसरार खान, अजय सोनी, डॉ. आशा जैन ने विचार व्यक्त किये। मुख्य अतिथि डॉ. आलोक सोनवलकर ने 300 से अधिक विद्यार्थी को मतदाता जागरूकता की सामूहिक शपथ दिलाई। डॉ. सोनवलकर ने कहा हमारा देश विश्व का सबसे ब?ा लोकतंत्र है, इसका हमें गर्व है। हमें अपनी मजबूत लोकतंत्र और सबकी भागीदारी की परम्परा पर गर्व है। हमें सबकी सहभागिता और शत्-प्रतिशत मतदान से देश को मजबूत करना है। इसमें युवा वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम का संचालन अतुल चौबे और आर.जी. चौधरी ने किया । अभार प्रदर्शन डॉ. नाजिर खान और वेद प्रकाश खरे ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक वर्ग और विद्यार्थियों की उपस्थिति रहीं।

### बड़ागांव राजादहार में लगाया गया अनुभूत प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर

# मध्यप्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल द्वारा अनुभूति प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**

इको पर्यटन विकास बोर्ड के अनुभूति प्रेरक भवानी दिन पटेल एवं मनीष रावत द्वारा सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शासकीय हाई स्कूल बड़ागांव एवं शासकीय माध्यमिक शाला जमुनिहाई के 120 बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर उन्हें वन्यजीवों वा वानस्पतिक पौधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सी.सी.एफ-संजय झा, एस.डी.ओ.- दिनेश कौर, डी.एफ.ओ.- पुनीत सोनकार जी शिविर में बच्चों को प्रकृति एवं पर्यावरण के बारे में जानकारी देते हुए एवं स्कूली बच्चों से चर्चा की और पर्यावरण के प्रति अपने विचार प्रस्तुत कियसाथ हीबड़ागांव के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी -डॉ राजेंद्र प्रजापति द्वारा बच्चों को प्रदूषण से स्वास्थ्य पर होने वाले हानिकारक प्रभाव को बताया गया, स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण के साथ सामंजस्व कितना जरूरी है इस विषय पर भी बच्चों से चर्चा की गई । शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य विनीत द्विवेदी द्वारा ग्रामीण स्तर पर पर्यावरण संरक्षण व ऊर्जा के संसाधनों का नियमन किस प्रकार से किया जाना चाहिए बच्चों को बहुत ही सरलता पूर्वक समझाया , अनुभूति प्रेरकों द्वारा बच्चों को हरित शपथ दिलाते हुए, पर्यावरण संबंधित प्रतियोगिता भी कराई गई एवं विजेताओं को



पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम मे राजेश कुमार कोरी , रचना गौतम ,सत्येंद्र मिश्रा, प्रमोद कुमार ,संजय द्विवेदी, लक्ष्मी शुक्ला ,ललिता कुशवाहा सभी का उचित सहयोग रहा.

# बेटी बचाओ-बेटी पड़ाओ के तहत शपथग्रहण, निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाइयों के तत्वाधान में ÷बेटी बचाओ बेटी प?ाओ÷ के अंतर्गत जन जागरूकता हेतु महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.पी. अहिरवार के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में संपन्न हुआ। शपथ डॉ. एन.आर. सुमन (विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र) के द्वारा कराया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी (जिला संगठक दमोह) ने अपनी सराहनीय सहयोग प्रदान किए। इसी क?ी में दोपहर 12:00 से ÷बेटी बचाओ बेटी पड़ाओ÷



विषय पर पेंटिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। पेंटिंग प्रतियोगिता में हेम श्री अहिरवार बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम, सत्यम रैकवार बीए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय एवं भूपेंद्र विश्वकर्मा बी.ए.द्वितीय वर्ष तथा अनुश्री सोनी बी.एस.सी.तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान, इसी प्रकार निबंध लेखन में सत्यम रैकवार प्रथम, अजय कुमार अहिरवार बी.ए.द्वितीय वर्ष ने द्वितीय तथा बेदी साहू बी ए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत ने अपनी उद्बोधन में ÷बेटियों के प्रति लोगों के व्यवहार और उनकी शिक्षा÷ विषय पर प्रेरणा युक्त व्याख्यान दिए। उपस्थित छात्र-छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी-प?ाओ के लिए प्रेरित किया तथा सभी का आभार माना। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों का हुआ सम्मान



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में सेक्टर इमलिया मै नंवाकुर संस्था वतन एकता समाज कल्याण एवं विकास समिति ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लकलका मै राष्ट्रीय बालिका दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें माध्यमिक शाला लकलका के छात्र-छात्राओं को,बेटी बचाओ बेटी पढाओ पर जोर दिया एवं निबंध प्रतियोगिता के पश्चात् प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आनें वाले छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया जिसमें प्रकाश अठया,धर्मदास विश्वकर्मा, बबली विश्वकर्माएवं अन्य सभी सदस्यों की उपस्थिति रहीं।

### बिजली कर्मियों की हड़ताल लगातार जारी


# कर्मियों के समर्थन में धरने पर पहुंची दबंग विधायक रामबाई एवं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मनु मिश्रा

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।**पथरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक रामबाई सिंह परिहार ने सरकार से सांसद, विधायक और पूर्व मंत्रियों का वेतन बंद करके कर्मचारियों को बेहतर वेतन देने की मांग धरना स्थल पर बिजली कर्मचारियों के बीच कही। विधायक का कहना है कि सांसद, विधायक और मंत्री रहते हुए ये लोग इतना कमा लेते हैं कि इन्हें वेतन की जरूरत नहीं होती है।उन्होंने ये भी कहाँ जितना वेतन मुझे मिलता है उसको भी कम कर दो लेकिन इन कर्मचारियों को पक्का करके वेतन दिया जाये। विधायक ने यह बयान बिजली कंपनी के आउटसोर्स और संविदा



कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान उनकी मांग का समर्थन करते हुए दिया। मध्यप्रदेश में विधायकों के वेतन भत्ते में ?40000 की बढ़ोतरी की जा रही है जिस बीच धरने पर पहुंची पथरिया विधायक रामबाई परिहार ने भी वेतन को कम कि बात कही बयान।ज्ञात हो कि पूरे प्रदेश में बिजली कंपनी के कर्मचारी हड़ताल पर हैं जिसमें दमोह जिले के भी बिजली कंपनी में कार्यरत आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों ने अपने नियमितीकरण और विभाग में संविलियन की मांग को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है । हड़ताल का यह तीसरा दिन है, जिसमें यूनाइटेड फोरम के सभी रेगुलर अधिकारी, कर्मचारी भी शामिल हो गए है बिजली कंपनी के कर्मचारियों की हड़ताल की खबर जैसे ही पथरिया कि दबंग विधायक रामबाई सिंह परिहार को मिली तो वह धरना स्थल पर पहुंच गई और वहां मौजूद कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया। विधायक ने यह भी कहाँ कि सांसद विधायकों को नहीं है वेतन की जरूरत क्योंकि वो पदों पर रह कर पर्याप्त कमा लेते हैं।



## सम्पादकीय

# हिमालय की चुनौती

अकेला जोशीमठ शहर ही नहीं जो ढह रहा है, उत्तराखंड के उत्तरकाशी व कर्णप्रयाग जैसे कई अन्य शहर भी भू-धंसाव की चुनौती से जूझ रहे हैं। हाल में खबर आई है कि हिमाचल के मंडी जिले के दो गांवों में भी भू-धंसाव से कुछ मकानों में दरारें देखी गई हैं। जिसकी वजह चार लेन परियोजना को अंजाम देने के लिये गैर-वैज्ञानिक तरीके से पहाड़ियों को काटना बताया जा रहा है। जिसके चलते हुए भूस्खलन से दो गांवों को जाने वाली संपर्क सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। साथ ही जमीन के एक बड़े हिस्से में भी दरार आई बतायी जाती है। निस्संदेह, आज हिमालय रेंज में बसे शिमला और दार्जिलिंग जैसे भीड़भाड़ वाले पहाड़ी शहरों में जोशीमठ जैसी आपदा का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल,यह समस्या किसी एक राज्य या जिले की न होकर अपेक्षाकृत नये हिमालयी पहाड़ों में बसे तमाम शहरों की बनी हुई है। भले ही केंद्र व उत्तराखंड की सरकारों का मुख्य ध्यान भूस्खलन से प्रभावित लोगों के पुनर्वास पर है, लेकिन हिमालयी इलाकों में ऐसी आपदाओं को रोकने के लिये राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर दीर्घकालिक विकास योजनाओं को अमली-जामा पहनाने की जरूरत है। साथ ही आपदाओं को कम करने तथा बेहतर प्रबंधन पर ध्यान देने की भी जरूरत है। अनियोजित विकास अब चाहे वह विकास के नाम पर हो या पर्यटन के, वह नाजुक हिमालयी परिस्थितियों पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के बीच खबर है कि उत्तराखंड के राष्ट्रीय राजमार्ग-7 पर जोशीमठ से ऋषिकेश के बीच 247 किमी क्षेत्र को वैज्ञानिकों ने भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील माना है। यहां ध्यान देने योग्य बात है कि भू-धंसाव के बाद जोशीमठ में व्यवसायों पर मंदी के प्रतिकूल प्रभाव से हजारों लोगों के सामने आजीविका का संकट पैदा हो गया है। जो यह बताता है कि तब तक पहाड़ों में पर्यटन का विकास लाभदायक नहीं हो सकता जब तक कि सतत विकास पर ध्यान न दिया जाये। देश की अदालतों और न्यायाधिकरणों को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी बुनियादी ढांचे से जुड़ी किसी भी परियोजना, मसलन- सड़कों, सुरंगों, पन-बिजली परियोजनाओं को तब तक अनुमति न मिले जब तक कि पारिस्थितिकी से जुड़ी चिंताओं का समाधान न हो जाये। पिछले साल ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित शिमला ड्राफ्ट डेवलपमेंट प्लान-2041 को अवैध बताते हुए हिमाचल की राजधानी में निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा दी थी। निस्संदेह, बहुमूल्य पहाड़ियों और उनके निवासियों का जीवन सुरक्षित करने के लिये ऐसे दृढ़ संकल्प की जरूरत है। साथ ही पर्यावरणीय मानदंडों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिये सख्त कदम उठाने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर नागरिकों के स्तर पर भी जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत महसूस की जा रही है कि पहाड़ों की संवेदनशीलता को देखते हुए निर्माण को नियमबद्ध तरीके से अंजाम दें। निस्संदेह, पहाड़ों को बचाने के लिये सतर्क सरकारी प्रयासों व सजग नागरिक व्यवहार एक अपरिहार्य शर्त है। तभी हिमालयी पर्वत शृंखला में सुरक्षित जीवन संभव हो पायेगा।

# चीन में करोना विस्फोट, पाकिस्तान में आटे की चोट

संजीव ठाकुर

भारत के स्वतंत्रता के पश्चात चीन और पाकिस्तान ऐसे देश हैं जो नींद में भी भारत से दुश्मनी पाल कर रखे हुए हैं। भारत में विगत 75 सालों में विज्ञान टेक्नोलॉजी, रक्षा क्षेत्र, मेडिकल साइंस और कंप्यूटर में चैतरफा विकास कर विश्व में अपना लोहा मनवा दिया हैस वैश्विक स्तर पर ऐसा कोई क्षेत्र बचा नहीं है जहां पर भारत में अपनी धमक की उपस्थिति दर्ज नहीं कराई होस चीन वर्तमान में बुरी तरह से करना वायरस की चपेट में है वहां की आबादी की 85ः जनता करोना वायरस के साए में सांस ले रही है। लगभग 3 लाख लोगों की मौत हो चुकीहैं। अस्पतालों में जगह नहीं है और कब्रिस्तान पूरे भरे हुए हैं। स्थिति नियंत्रण से बाहर है ।दूसरी तरफ पाकिस्तान में त्राहि-त्राहि मची हुई है लोग रोटी के लिए तरस रहे हैं आटे का भाव ढाई सौ रुपए हो चुका है इतने पर भी उपलब्ध नहीं है। सरकार का खर्च चलाने के लिए पर्याप्त धन व्यवस्था भी नहीं है पर यह दोनों देश ना तो विश्वास करने योग्य हैं और ना ही किसी तरह मदद करने के लायक भी नहीं है। चीन के युवान शहर में अक्टूबर 2019 को करोना नामक वायरस का विस्फोट हुआ था जो बाद में पूरे विश्व में फैल कर करोड़ों लोगों की मौत का कारण बना। अक्टूबर 2019 के 3 महीने बाद चीन में लॉक डाउन लगाया गया तब जाकर दुनिया को पता लगा की चीन से ही पूरी दुनिया में करोना नामक भयानक संक्रमण फैला है जो पूरी दुनिया में धीरे धीरे फैल गया, जिसने पूरी दुनिया में मौत का तांडव मचाया था ।अब करोना विस्फोट के मामले में युवान की जगह बीजिंग ले ली है। वहां अब रोज नागरिकों की मौतों का सिलसिला जारी है अस्पताल तथा कब्र गांवों में जगह के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। चीन में सेंसरशिप लागू होने के कारण वहां की सही और सटीक खबरें पूरी दुनिया में नहीं आ पाती हैं पर यह तो तय है कि फिर करोना का नया वैरीअंट ओमीक्रोंन बीएफ ,7 अस्तित्व में आ चुका है और यह पुराने वैरीअंट से ज्यादा खतरनाक है जो 2 घंटे में लगभग दुगने लोगों को संक्रमित करने की क्षमता रखता है। वर्तमान में करोना का खतरा चीन के साथ अन्य 10 देशों में जिनमें प्रमुख रूप से जापान, इटली, ब्राजील, मलेशिया, इंडोनेशिया, जर्मनी,फ्रांस, अमेरिका ,मेक्सिको एवं अन्य देशों में प्रसारित हो गया है। चीन की नई गलत शून्य कोविड-19 नीति में छूट देने के कारण पूरे चीन में बीजिंग ,शंघाई सहित करोना के मामले तेजी से बढ़ गए हैं। चीन में हालात ऐसे हैं की इम्युनिटी बढ़ाने के लिए आम जनमानस को नींबू और विटामिन सी वाले फलों को कालाबाजारी से खरीदने पड़ रहे है चीन में नींबू तथा संतरों की जमाखोरी तथा कालाबाजारी जमकर होने लगी है। इसी तरह कोविड-19 से संदर्भित दवाइयों की भी कालाबाजारी चरम सीमा पर शुरू हो गई है ।बीजिंग में रोज मौत के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं और श्मशान घाट में शवों को दफनाने के लिए कतारें लगानी पड़ रही है। चीन के महामारी विशेषज्ञ डॉ जुंयो के अनुसार कॅरोना की इन लहरों के आने की आशंका है। पहली लहर चीन में फैल चुकी है और दूसरी लहर के जनवरी 23 के अंत में आने की संभावना है और इसी तरह तीसरी लहर भी फरवरी के अंत में आ सकती है। अमेरिका की एक प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार चीन में आगामी 3 लहरों में 10 लाख लोगों की मौत हो सकती है। कोविड-19 के मामलों में चीन के बीजिंग तथा शंघाई शहर अब खतरनाक श्रेणी में आ चुके हैं कोविड-19 नीति में छूट देने के बाद करोना के नए मामलों में विस्फोट हुआ है चिंता की बात यह है कि चीन में बुनियादी मेडिकल सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है खासकर बुजुर्ग तथा बच्चों के मामले में वहां संपूर्ण जनसंख्या का टीकाकरण भी नहीं हुआ है और दूसरी बात यह है कि उनकी वैक्सीन भी मानक स्तर से कमतर होने की वजह से प्रभावी भी नहीं हो पा रही है जिससे करोना का पर्याप्त इलाज नहीं किया जा सकता है। चीनी सोशल मीडिया की एजेंसी वीचैट के अनुसार शंघाई में स्कूलों में ओंनलाइन कक्षा संचालित करने के कड़े आदेश दे दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बीजिंग तथा शंघाई में अस्पतालों में बिस्तर की मारामारी हो रही है और कब्रिस्तान के बाहर लंबी शवों की कतारों वाली गाड़ियां मिलो दूर तक दिखाई दे रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चीन की स्थिति को देखते हुए अपनी मीटिंग आहूत कर हाई अलर्ट रहने की चेतावनी दे दी है। चीन भारत का एक निकटतम पड़ोसी देश है इसीलिए भारत को अतिरिक्त सतर्कता की जरूरत होगी,राहत की बात यह है कि भारत में अब तक कुल 2.20 करोड़ टीकाकरण किया जा चुका है और लगभग पहला टीकाकरण 102 करोड़ लोगों को किया गया जो कि 16 से 22 जनवरी 2021 में किया दूसरा टीकाकरण 1 सितंबर से 17 सितंबर 2021 को लगभग 95 करोड लोगों को किया गया लेकिन चिंता की बात वर्तमान में यह है की 16 दिसंबर 2022 को केवल 3 लाख लोगों ने वैक्सीनेशन कराया है भारत में वैक्सीनेशन की रफ्तार बहुत धीमी हो गई है, यह एक बड़ी चिंता का कारण भी हो सकता है। पर भारत चूंकि शत प्रतिशत वैक्सीनेशन की बात करता है जिसके फल स्वरूप भारतीय जनमानस की रोगों से लड़ने की क्षमता पर्याप्त मानी जा रही है।

> चीन में हालात ऐसे हैं की इम्युनिटी बढ़ाने के लिए आम जनमानस को नींबू और विटामिन सी वाले फलों को कालाबाजारी से खरीदने पड़ रहे है

# फिर से राजधर्म के पालन का सवाल

देश में अब तक की सबसे मजबूत सरकार होने का दावा करने वाली मोदी सरकार एक डॉक्यूमेंट्री से डर गई, ये देखकर आश्चर्य होता है। बीबीसी यानी ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन पत्रकारिता की दुनिया में एक बेहद प्रतिष्ठित और विश्वसनीय नाम माना जाता है। 101 बरसों के सफर के साथ बीबीसी दुनिया का सबसे पुराना राष्ट्रीय प्रसारक है और जाहिर है इस लंबे सफर में कई उतार-चढ़ाव आए होंगे। लेकिन इस बार बीबीसी की मुठभेड़ सीधे भारत की मोदी सरकार से हो रही है। बीबीसी की डाक्यूमेंट्री इंडिया- द मोदी क्वेश्चन का पहला भाग इस 17 जनवरी को प्रसारित हुआ और दूसरा भाग 24 तारीख को आना है। लेकिन अब इस डाक्यूमेंट्री के न केवल प्रसारण पर सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है, बल्कि आईटी रुल्स 2021 की आपात शक्तियों के तहत आदेश देकर यूट्यूब और ट्विटर पर इसके वीडियो हटवा दिए हैं। ये सारा हंगामा इसलिए है क्योंकि डॉक्यूमेंट्री में 2002 के गुजरात दंगों और इसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। इसका शीर्षक भी सवाल की बात ही करता है, जबकि देश के लोग अच्छे से जानते हैं कि हमारे मौजूदा प्रधानमंत्री ने पिछले 9 बरसों में एक बार भी प्रेस कांफ्रेंस नहीं की है, किसी पत्रकार को बिना किसी पूर्व सूचना के सवाल पूछने की अनुमति नहीं दी है। जो दो-चार पत्रकारों को उन्होंने तथाकथित साक्षात्कार दिया है, वह पटकथा और संवाद तैयार करके दिया है। लेकिन बीबीसी ने सवाल की बात करके सरकार की नजरों में हिमाकत की और अगले आम चुनाव से पहले गुजरात दंगों के बारे में कुछ अनसुनी बातें बतलाकर सरकार को असहज स्थिति में डाल दिया है। इसलिए मोदी सरकार का नाराज होना स्वाभाविक है। बीबीसी का दावा है कि इस डॉक्यूमेंट्री के लिए उच्चतम संपादकीय मानकों का पालन करते हुए गहन शोध किया गया है। इसके लिए कई गवाहों, विश्लेषकों और आम लोगों से बात की गई है। इनमें भाजपा के लोग भी शामिल हैं। बीबीसी ने यह भी कहा है कि भारत सरकार ने इस फिल्म में लगाए गए आरोपों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। अगर भारत सरकार ने कोई टिप्पणी की होती, तो उसे भी डॉक्यूमेंट्री में शामिल किया जा सकता था। तब हम वाकई एक परिपक्व लोकतांत्रिक देश की तरह व्यवहार करते, जो एक अप्रिय विषय पर चर्चा से घबराया नहीं, बल्कि उसका सामना करके अपना पक्ष भी रखा। लेकिन सरकार ने पहले तो कोई बयान नहीं दिया और डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित होने के बाद विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी कि यह डॉक्यूमेंट्री भारत के खिलाफ एक खास किस्म के दुष्प्रचार का नरेटिव चलाने की कोशिश है। डॉक्यूमेंट्री में दिखता है कि इससे जुड़े हुए लोग और संगठन खास किस्म की सोच रखते हैं, क्योंकि इसमें फैक्ट ही नहीं हैं। यह औपनिवेशिक यानी गुलामी की मानसिकता को दशार्ती है। कमाल की बात है कि आजादी के अमृतकाल में सरकार औपनिवेशिक मानसिकता का डर दिखाकर अपने असली डर को लोगों से छिपा रही है। इस देश में गांधीजी के हत्यारे गोडसे का कई तरह से महिमामंडन होता रहा है, लेकिन सरकार को राष्ट्रपिता के हत्यारे के गुणगान पर विचलित होते नहीं देखा गया। कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्म में आतंकवाद जैसी गंभीर समस्या का इकतरफा वर्णन होता है, तब कोई सेंसरशिप लागू नहीं होती।

बल्कि उसे टैक्स फ्री करके दिखाया जाता है। मगर एक विदेशी डॉक्यूमेंट्री पर सारे तरह के प्रतिबंध सरकार लगा देना चाहती है, ताकि उसके लिए उलझनें न बढ़ें। यह डॉक्यूमेंट्री मनगढ़ंत बातों पर नहीं बनाई गई है, बल्कि बीबीसी का कहना है कि तत्कालीन ब्रिटिश विदेश मंत्री जैक स्ट्रा ने कूटनयिकों से इन दंगों की जांच करवाई थी, जिसकी रिपोर्ट अप्रकाशित है। बीबीसी ने इस अप्रकाशित रिपोर्ट को ब्रिटिश विदेश विभाग से हासिल कर उस पर डाक्यूमेंट्री बनाई है। रिपोर्ट का दावा है कि श्री मोदी साल 2002 में गुजरात में हिंसा का माहौल बनाने के लिए श्प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदारश थे। रिपोर्ट कहती है कि हिंसा का विस्तार, मीडिया में आई रिपोर्टों से कहीं अधिक था और दंगों का उद्देश्य हिंदू इलाकों से मुसलमानों को खदेड़ना था। इस रिपोर्ट के अलावा भी तत्कालीन मुख्यमंत्री मोदी पर हिंसा न रोकने के आरोप लगे थे, इसी को देखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने उनसे राजधर्म के पालन की सलाह दी थी। हालांकि श्री मोदी ने हमेशा ऐसे आरोपों से इन्कार किया है और सारे सवालों को तथ्यहीन बताया है। मोदीजी को हर तरह से क्लीन चिट भी मिल चुकी है, न्यायिक अदालत से भी और जनता की अदालत से भी। फिर भी सरकार क्यों डर रही है, ये सवाल तो उठेगा ही। क्या इसलिए कि भाजपा चुनावों के पहले फिर से गुजरात दंगों की चर्चा नहीं चाहती। हालांकि दंगों के बाद के सारे चुनाव भाजपा ने जीते हैं। और इस बार के चुनाव में गृहमंत्री अमित शाह ने बीस साल पहले सबक सिखा दिया, वाली जो टिप्पणी की थी, वह किस संदर्भ में थी, यह भी जनता ने खूब समझ लिया था। फिर भी भाजपा को भारी बहुमत मिला था। जबकि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर जितनी बार जनता के बीच गई, उसे मात मिली।

> डॉक्यूमेंट्री में दिखता है कि इससे जुड़े हुए लोग और संगठन खास किस्म की सोच रखते हैं, क्योंकि इसमें फैक्ट ही नहीं हैं।

# हमारा गौरवशाली संविधान

**संविधान सभा में सदस्य- संविधान सभा में शुरू में 389 सदस्य थे किंतु मुस्लिम लीग द्वारा स्वयं को इससे अलग कर लिए जाने के बाद संविधान सभा के सदस्यों की संख्या 299 रह गई थी। संविधान सभा के सदस्य भारत के राज्यों की सभाओं के निर्वाचित सदस्यों द्वारा चुने गए थे।**

डॉ नन्दकिशोर साह

भारत का संविधान ऐसा महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो देश के प्रत्येक नागरिकों को समान अधिकार देता है। साथ ही हमारे कर्तव्यों को भी निर्धारित करता है। लिखते समय मूल संविधान में 395 अनुच्छेद, 22 भागा और 12 अनुसूचियां शामिल थी। भारतीय संविधान में स्पष्ट लिखा है कि भारत एक संप्रभुता संपन्न, समाजवादी, सेकुलर लोकतांत्रिक गणराज्य है। संप्रभुता शब्द स्वतंत्र होने के मायने बताता है, तो समाजवादी शब्द को 1976 में हुए 42वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम के जरिए प्रस्तावना में जोड़ा गया। पंथनिरपेक्ष या धर्मनिरपेक्ष शब्द भी इसी संशोधन में शामिल किया गया था। लोकतांत्रिक भारत एक स्वतंत्र देश है, जहां लोगों को अपने अनुसार नेता चुनने की स्वतंत्रता दी गई है। प्रारूप समिति का गठन- आजादी के 13 दिन बाद 28 अगस्त, 1947 को एक बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रारूप समिति भारत के स्थाई संविधान का प्रारूप तैयार करेगी। इसके लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर ने पूरी दुनिया के तमाम संविधानों का बारीकी से अध्ययन किया और प्रारूप तैयार किया। भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति की स्थापना 29 अगस्त 1947 को की गई थी, जिसके अध्यक्ष के तौर पर डॉ भीमराव आंबेडकर की नियुक्ति की गई। संविधान प्रारूप समिति की बैठक 114 दिनों तक चली। संविधान सभा में सदस्य- संविधान सभा में शुरू में 389 सदस्य थे किंतु मुस्लिम लीग द्वारा स्वयं को इससे अलग कर लिए जाने के बाद संविधान सभा के सदस्यों की संख्या 299 रह गई थी। संविधान सभा के सदस्य भारत के राज्यों की सभाओं के निर्वाचित सदस्यों द्वारा चुने गए थे। 9 दिसंबर 1948 को संविधान सभा सच्चिदानंद सिन्हा की अध्यक्षता में पहली बार समावेषित हुई थी, लेकिन मुस्लिम लीग ने अलग पाकिस्तान बनाने की मांग को लेकर इस बैठक का बहिष्कार किया था। 11 दिसंबर 1946 को हुई संविधान सभा की बैठक में राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया और वे संविधान के निर्माण का कार्य पूरा होने तक इस पद पर रहे। पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद इत्यादि इस सभा के प्रमुख सदस्य थे। संविधान सभा में 15 महिला सदस्य थी, जिनमें से दुगार्बाई देशमुख, हंसा मेहता, राजकुमारी अमृत कौर और अन्य महिलाओं ने भी महिलाओं, वंचित समाज और मजदूरों से संबंधित कई विषयों पर महत्वपूर्ण योगदान दिया। संविधान का हस्तलेखन- संविधान को लिखना एक बड़ा काम था। इस महत्वपूर्ण काम को दिल्ली निवासी प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने पूरा किया। इस काम में उन्हें 6 महीने का वक्त लगा। हस्त लेखन उनका खानदानी पेशा था। इसलिए हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में संविधान की मूल प्रति को रायजादा ने अपने हाथों से लिखा था। इसी संविधान की 3 प्रतियां बनाई गई, जिसमें से दो को नंदलाल बोस और राम मनोहर सिन्हा द्वारा सुसज्जित पत्रों पर तैयार किया। 1400 पन्नों की संविधान की एक प्रति को अंग्रेजी में रासबिहारी ने और हिंदी में बी के वैध ने लिखा। उन्होंने इसे लिखने का कार्य एक हफ्ते में ही पूरा कर दिया था। जबकि तीसरी प्रति को अंग्रेजी में देहरादून में छपवाया गया। यह हमारे लिए आश्चर्य के साथ गौरव की बात है कि इतना महत्वपूर्ण दस्तावेज होते हुए भी भारतीय संविधान की मूल प्रति हस्तलिखित ही है, जिसकी पहली दो प्रतियां हिंदी और अंग्रेजी में है। संविधान को चित्रकारी से सजाया - मशहूर चित्रकार आचार्य नंदलाल बोस और उनके सहयोगियों ने भारत के संविधान को सजाया था। तब 22 चित्र बनाए गए थे। सभी चित्र 8 गुणा 13 इंच के आकार में है। पंडित जवाहरलाल नेहरू के आग्रह पर बोस द्वारा 221 पृष्ठों के इस दस्तावेज के सभी 22 भागों में से प्रत्येक को एक-एक चित्र से सजाया गया। भारतीय संविधान के इस मूल प्रति पर इन 22 चित्रों को बनाने में 3 साल से ज्यादा का वक्त लगा। कहते हैं इस काम के लिए नंदलाल बोस को ঘ21000 मिले थे। उन्होंने जो चित्र बनाया है, उसमें मोहनजोदड़ो, वैदिक काल, रामायण, महाभारत, बुद्ध के उपदेश, महावीर के जीवन, मौर्य गुप्त और मुगल काल की झांकी थी। इसके अलावा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, हिमालय से लेकर समुद्र आदि के चित्र है। देखा जाए तो यह चित्र भारतीय इतिहास की विकास यात्रा है। बॉस के ही शिष्य राम मनोहर सिन्हा ने संविधान के प्रस्तावना पेज को सजाया। संविधान के जो सजे हुए चित्र हम देखते हैं, वह संविधान की पहली हस्तलिखित प्रति के ही चित्र है। संविधान की प्रस्तावना को सुनहरे बॉर्डर से घेरा गया है।

संविधान की मूल प्रति सुरक्षित किया- टाइपिंग या प्रिंटिंग का कोई इस्तेमाल नहीं किया। एक हजार वर्ष से अधिक सालों तक बचे रहने वाले सूक्ष्मजीवी रोधक चर्म पत्रों पर भारतीय संविधान की पांडुलिपि लिख कर तैयार की। संविधान की बेशकीमती प्रतियों को संसद भवन की लाइब्रेरी के एक कोने में बने स्ट्रांग रूम में सहेज कर रखा गया है, जिसे पढ़ने की इजाजत किसी को भी नहीं है। संविधान की यह प्रतियां कभी खराब न हो। इसके लिए इसे हिलियम गैस से भरे केस में सुरक्षित रखा गया है। यही कारण है कि हमारे देश की यह अमूल्य धरोहर हमारे पास सुरक्षित और आज भी मूल अवस्था में है। हिलियम एक ऐसी अक्रिय गैस है, जो संविधान की प्रति के पन्नों को वातावरण के साथ रासायनिक प्रतिक्रिया करने से रोकता है। संविधान लागू हुआ- 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान के प्रारूप को संविधान सभा के सामने पेश किया गया। संविधान सभा में इसकी प्रारूप को कुछ जरूरी संशोधन के बाद संविधान की शक्ल दे दी। इसलिए प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को हम लोग संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं और 26 जनवरी, 1950 को भारत का संविधान लागू कर दिया गया। तभी से हम इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मना रहे हैं। संविधान लागू होने से 2 दिन पहले 24 जनवरी 1950 को संविधान की तीनों प्रतियों पर संविधान सभा के 284 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे। 14 अगस्त 1947 की रात संविधान सभा की पहली बैठक का आगाज वंदे मातरम के साथ हुआ था और समापन जन-गण- मन के साथ। वंदे मातरम की रचना महान स्वतंत्रता सेनानी बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय उर्फ बंकिम चंद्र चटर्जी ने की थी। बंगाल में आजादी के आंदोलन के दौरान क्रांतिकारियों में जोश भरने के लिए यह गीत गाया जाता था। धीरे-धीरे यह गीत बहुत लोकप्रिय हो गया। इसलिए राजपथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में जन गण मन के साथ वंदे मातरम की धुन भी बजाई जाती है। हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह की शुरूआत राष्ट्रपति तिरंगा फहरा कर करते हैं। संविधान निर्माण में 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन का वक्त लगा। संविधान के निर्माण कार्य पर कुल ঘ63,96,729 का खर्च आया और इसके निर्माण कार्य में कुल 7,635 सूचनाओं पर चर्चा की गई। संविधान में संशोधन- इसमें अभी तक 101 बार संशोधन हो चुके हैं संविधान में किए गए संशोधनों के जरिए सामाजिक जरूरतों के अनुरूप जनतंत्र और शासन प्रणाली को मजबूती प्रदान करने के प्रयास किए गए। संविधान में पहला संशोधन वर्ष 1951 में किया गया था, जिसके तहत स्वतंत्रता, समानता और संपत्ति से संबंधित मौलिक अधिकार को लागू करने संबंधी व्यावहारिक कठिनाइयों का निराकरण करने के लिए संविधान नौवीं अनुसूची जोड़ी गई थी।

हमारा संविधान आज के युवा भारत में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। आज के युवाओं में संविधान को लेकर समझ बनानी होगी। युवा में संविधान के प्रति जो निष्ठा पैदा होगी, वह हमारे लोकतंत्र को, हमारे संविधान को और देश के भविष्य को मजबूत करेगी। आजादी के अमृत काल में यह देश की अहम जरूरत है।

## मतदाता जागरूकता एवं नशामुक्ति अभियान की ग्रामीणों को दिलाई शपथ नशा नाश की जड़ है तो वही अपने मताधिकार का प्रयोग करना आवश्यक है



रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** नवांकुर संस्था छात्र क्रांति दल एवं छात्र सर्व कल्याण समिति जिला दमोह द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन कुमेरिया के सहयोग से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के समन्वयक सुशील कुमार नामदेव एवं ब्लॉक समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय के मार्गदर्शन में सदगुंवा सेक्टर अंतर्गत ग्राम कुमेरिया में अटल भूजल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण जनों को मतदाता जागरूकता एवं नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई7यूथ अचीवर्स कृष्णा पटैल ने बताया कि संस्था द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निरंतर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तो वहीं आम जनमानस को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया जा रहा है आज कुमेरिया में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीण जनों को नशा मुक्ति एवं मतदाता जागरूकता अभियान की शपथ दिलाई गई है7 ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष नरेंद्र पटैल का कहना है कि हमें अपने ग्राम को नशा मुक्त ग्राम बनाना है इसलिए हम शासन प्रशासन के अनेक अभियानों को आमजन तक प्रसारित करते हैं साथ ही मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति भी प्रेरित करते हैं ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग निस्वार्थ भाव से कर सकें7 इस दौरान प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत राधे पटैल, नवांकुर संस्था अध्यक्ष एवं यूथ अचीवर्स कृष्णा पटैल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष कुमेरिया नरेंद्र पटैल, तरावली आशीष पटैल सहित अटल भूजल के कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं समिति के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही7

## अमोला क्रेशर एवं दुलाही के बीच हुआ मैच

पुष्पांजली टुडे संवाददाता विशाल सिंह की रिपोर्ट

ग्राम पंचायत छान में अमोला डेंजर क्लब और दुलाही के बीच में मैच खेला गया जिसमें अमोला किरेशर की टीम से संगम जी के द्वारा बहुत ही अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला अपनी टीम के लिए 56 रन एवं 3 विकेट लिए जिसमें 5 छक्के शामिल हैं



अमोला किरेशर ने 162 रन की पारी खेली और दुलाही 96 रन पर ऑल आउट हो गई और अमोला क्रेशर ने अपनी जीत हासिल की

# जिला प्रशासन के प्रयास से मृतकों के परिजनों को व्यापार संघ करैरा द्वारा दी गई चार लाख की आर्थिक सहायता राशि

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना

**शिवपुरी,** मूंगफली गोदाम की पहली मंजिल की दीवार खिसकने से 4 श्रमिकों की मृत्यु होने पर व्यापार संघ करैरा द्वारा उनके परिजनों को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी है।मृतक व्यक्तियों में रामकुमारी पत्नी मायाराम साहू निवासी श्योपुरा, अर्चना पत्नी गोवर्धन परिहार निवासी श्योपुरा, सोनम केवट पुत्री महेश केवट निवासी चिंनोद, संजीव लोधी निवासी हिम्मतपुर पिछोर की दुखद मृत्यु हो गई थी जिसके लिए गल्ला व्यापार संघ करैरा द्वारा रविवार को मधुर मिलन पैलेस में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इसके साथ ही मृतकों के परिजनों को व्यापार संघ एवं गोदाम मालिक दशरथ साहू ने मिल कर 1-1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता करने का प्रस्ताव आया जिसे सम्पूर्ण व्यापार संघ ने स्वीकृति दी। जिसके लिए मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में करैरा एसडीएम दिनेश चंद्र शुक्ला के समक्ष भारतीय



उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष संजय पहारिया, गल्ला व्यापार संघ करैरा संरक्षक प्रमोद जैन, गल्ला व्यापार संघ अध्यक्ष राजीव नीखरा ने आर्थिक सहायता करने के लिए बात रखी गई। जिस पर एसडीएम करैरा द्वारा आज मृतकों के परिजनों को तहसील कार्यालय बुलाया गया जिसमें कलेक्टर शिवपुरी अक्षय कुमार सिंह, एसपी राजेश चंदेल वर्चुअल मीट से जुड़े।एसडीएम दिनेश चंद्र शुक्ला, टीआई सतीश चौहान, भारतीय उधोग व्यापार संघ जिलाध्यक्ष संजय पहारिया, संरक्षक व्यापार मंडल संघ प्रमोद जैन, मंडल अध्यक्ष करैरा हेमंत शर्मा, गल्ला व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव नीखरा, चिंकी जैन, रज्जन बेडर, शिवकुमार साहू, सचिन जैन एवं समस्त व्यापारी गल्ला व्यापार संघ द्वारा पीड़ित परिवार गोवर्धन परिहार, महेश केवट, मायाराम साहू, कृष्णा लोधी को 1-1 लाख की आर्थिक सहायता के चेक वितरित किये गये। व्यापार संघ के इस निर्णय को कलेक्टर एवं एसपी द्वारा दुःखी परिवारों के लिये आंसू पोछने बाला कदम बताया और साथ ही हिदायत दी गई कि इस तरह की घटनाएं भविष्य में न हो इसके लिये सभी आवश्यक कदम व्यापार संघ सुनिश्चित करें।

# ओलंपिक में गोल्ड मेडल लाना चाहती है मुस्कान शेख, सरकार से की साहयता राशि की अपील

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी** -शिवपुरी एक साथ 4 नेशनल गोल्ड मेडल जीतने वाली मुस्कान शेख को आज कौन नहीं जानता है शिवपुरी जिले के एक छोटे से गांव मजेरा की रहने वाली मुस्कान शेख ने अपनी मेहनत के दम पर और अपने खर्चे पर न्यूजीलैंड में आयोजित नेशनल कॉम्पिटिशन में एक साथ 4 गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया, जिसकी चर्चा पूरे देश में हुई थी खेल मंत्री ने सिर्फ एक बार 40 हजार की मदद की थी , मध्य प्रदेश की खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से लेकर, कई दिग्गज नेताओं ने मुस्कान को धन्यवाद दिया, और आगे बढ़ने के लिए पूरा योगदान और सहयोग करने की बात कही थी, लेकिन जब मुस्कान और मुस्कान के पिता से बात की तो उन्होंने बताया कि मुस्कान को न्यूजीलैंड में हम अपने पूरे खर्चे पर लेकर गए थे, जिसमें लगभग 3 से 4 लाख रूपये का खर्चा आया था, मुस्कान के पिता ने बताया कि मध्यप्रदेश की ऐसी कई बेटियां हैं जो कि नेशनल कंपटीशन में गोल्ड मेडल ला सकती हैं और यहां तक की मुस्कान की बात की जाए तो मुस्कान ओलंपिक में जीत कर अपने देश के लिए गोल्ड मेडल लाना चाहती है लेकिन कुछ परिवार और कुछ लोगों के घर की स्थिति ऐसी होती है जिससे वह अधिक अपने बच्चों पर खर्चा नहीं कर पाते हैं और उनका जो टैलेंट और



उनकी मेहनत कहीं ना कहीं छोटे स्तर पर ही जाकर रुक जाती है, मुस्कान के पिता धारा खान ने कहा कि सरकार को ऐसे बच्चों की सहायता करनी चाहिए जिससे उनका टैलेंट नेशनल लेवल पर वह दिखा सके और भारत का और अपने प्रदेश का नाम रोशन कर सकें, जब गोल्ड मेडलिस्ट मुस्कान शेख से यह पूछा गया कि आप और आगे कहां तक खेलना चाहती हो तो मुस्कान शेख ने बताया कि वह ओलंपिक में अपने देश के लिए गोल्ड मेडल लाना चाहती है और ओलंपिक में खेलना चाहती है, साथ ही मुस्कान ने कहा कि सरकार थोड़ी बहुत मेरी मदद करें जिससे मैं ओलंपिक में खेल सकूं और अपने देश के लिए गोल्ड मेडल ला सकूं, मुस्कान शेख ने अभी हाल ही में औरंगाबाद में आयोजित नेशनल सब जूनियर 63 किलो ब्रेच प्रेस कंपटीशन में गोल्ड मेडल जीता है, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान खेलों में बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए सभी बच्चों की मदद करते हैं लेकिन अगर हम मुस्कान की बात करें तो मुस्कान शेख को अभी तक सरकार की तरफ से कोई भी सहायता राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है, खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया भी बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए कई सरकारी योजनाओं का बच्चों को लाभ देती है, और जो बच्चे कुछ वजह से पीछे रह जाते हैं उनको निरंतर आगे बढ़ाने की कोशिश करती रहती है मुस्कान शेख का भी यही कहना है कि अगर सरकार की तरफ से उनको कोई सहायता राशि मिल जाती है तो उन्हें आगे देश के लिए गोल्ड मेडल लाने में काफी मदद मिल सकती है

# भारत के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया

जगदीश पाल रिपोर्टर
खनियाधाना

**शिवपुरी,** जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गतदिवस भारत के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया।जयंती के अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोड़ेसर महेंद्र कुमार ने बताया कि किस प्रकार से हमारे देश के महानायक हमारे लिए सम्मानीय हैं और वंदनीय हैं उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।



प्रोड़ेसर दिग्विजय सिंह सिकरवार द्वारा बड़े ही बारीकी से नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज से संबंधित घटनाओं को प्रेरक तरीके से विद्यार्थियों के समक्ष रखा। कार्यक्रम के दौरान प्रोड़ेसर पवन कुमार श्रीवास्तव, प्रोफेसर जीपी शर्मा उपस्थित रहे। प्रोफेसर वीरेंद्र, कौशल द्वारा नेताजी से संबंधित खूनी हस्ताक्षर कविता का काव्य पाठ किया और कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रोफेसर और छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

# चलो अभियान चलाकर करेगें पोलिंग बूथ के ऊपर कार्यकर्ताओं को तैयार -धनी राम चौधरी

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी–** बहुजन समाज पार्टी जिला शिवपुरी धनीराम चौधरी ने बताया कि कोलारस विधानसभा के गांव में 22 जनवरी 2023 को पनवारीपुरा में धर्मजीत, जसवंत, सुनील की पूज्य माताजी फूलवती बाई पत्नी श्री ताराचंद का देहांत हो गया था तथा ग्राम अटारा में आसाराम जाटव युवा नेता बसपा के पूज्य पिताजी श्री ग्यासी राम जाटव जी का देहांत हो गया था उनकी उठाबनी एवं श्रद्धांजलि सभा दिनांक24/01/2023 को पूज्य भंते संघशरण जी एवं बसपा के जिला प्रभारी सुआलाल जाटव एवं जिला अध्यक्ष धनीराम चौधरी के द्वारा समझाइश दी गई कि आज ही इस कार्यक्रम को श्रद्धांजलि तक ही खत्म करना है आगे कोई कार्यक्रम आदि एवं जली हुई अस्थियों को फूल कहा जा रहा है यह मनुवादी सोच के आधार पर नहीं चलना है फूल तो गुलाब गेंदा चमेली के होते हैं जिसमें से खुशबू आती है और जले हुए अस्थियों से खुशबू नहीं आती है इसलिए आप गंगा जी में



अस्थियां को डालने नहीं जाना है आज पनवारीपुरा,अटारा के दोनों गांव में उपस्थित नाते रिश्तेदार पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा संकल्प लिया गया कि हम लोग तेहरवी आदि नहीं करेंगे ये सब फिजूल खर्चे में आता है इस पैसे को हम अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई में खर्च करेंगे साथ ही साथ 2023 में शिवपुरी जिले में चलो अभियान चलाकर पोलिंग बूथ बूथ के ऊपर कार्यकर्ताओं को पोलिंग बूथ तैयार करेंगे और शिवपुर जिले से विधायक जिता कर भोपाल भेजना है माननीय बहन जी के हाथों को मजबूत करना श्रद्धांजलि सभा के मौके पर कार्यकर्ताओं ने संकल्प लेते हुए पोलिंग बूथ एवं सेक्टर को मजबूत करने के लिए संकल्प लिया और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने संकल्प लेते हुए खर्च, तेहरवी भी नहीं करने का फैसला लिया गया है जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित हुए तथा उपासक फूलवती बाई की एवं उपासक ग्यासीराम जाटव की छाया चित्र पर फूल चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स की टॉर्च रैली पहुची शिवपुरी हुआ स्वागत

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी मध्यप्रदेश कर रहा हैं। इसमें 27 खेलों की प्रतियोगिताए होनी है। इस खेल का महाकुंभ मध्यप्रदेश के 8 शहरों में आयोजित होगा। इसमें सम्पूर्ण भारत से 6000 से अधिक खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेडल जीतेगें। खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2022 की टार्च रैली जो कि सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के 52 जिलों में अलग-अलग तिथियों में जा रही है। मंगलवार 24 जनवरी को इस टार्च रैली का स्वागत राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त प्रहलाद भारती, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम गणेश जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण और शहरी नागरिकों ने टॉर्च का भव्य स्वागत किया।टार्च रैली ग्राम मुढेली से होते हुए ग्राम बिलोकला, असुआखेड़ी, चौकी, कुसीयारा, टोंगरा, पिपरसमां, तानपुर, लालगड़, लोहादेवी, करमाजखुर्द, करमाजकलां, ख्यावदाकलां, कबीरखेड़ी, कुडावदा, छार, दर्रोनी, रातौर, शिवपुरी खेल परिसर से शिवपुरी पोलोग्राउण्ड तक पहुंची। 25 जनवरी को प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे ग्राम सिंहनिवास, जसराजपुर, रामखेड़ी, ठर्रा, बिलारा, सिरसौद, पोहरी चौराहा से होते हुए श्योपुर जिले के लिए रवाना होगी। टॉर्च रैली का स्वागत सुबह कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने किया। विभिन्न गांव से होते हुए यह रैली शिवपुरी शहर में खेल




स्टेडियम पहुंची जहां दोपहर के समय इस का भव्य स्वागत किया गया टॉर्च रैली पूरी टीम के साथ शिवपुरी शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से होकर गुजरी। इस दौरान खेल अधिकारी डॉ.के.के.खरे, प्रशिक्षक के साथ-साथ सभी खेल संघ के पदाधिकारी, समस्त खेल के 250 से अधिक बालक-बालिका खिलाड़ी उपस्थित थे। इस मौके पर खेलो इंडिया एंथम, हुक स्टेप, एवं टार्च गीत गाया गया। टॉर्च (मशाल) रैली में थीम सांग÷ एम.पी. में शोर मचा दो... अपना अपना ड़ोर लगा दो, जोश दिखा दो, जान लगा दो, हिंदुस्तान का दिल धड़का दो÷ पर सभी खिलाड़ी ने जोश से भरकर भाग लिया। नगर में रैली का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 25 एवं 26 जनवरी को शिवपुरी में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना




**शिवपुरी,** खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 25 जनवरी को शिवपुरी आएंगी। शिवपुरी में 25 एवं 26 जनवरी को विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेंगी।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 25 जनवरी को शाम 4 बजे शिवपुरी पहुंचेगी और स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगी। इसके उपरांत 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेंगी। दोपहर 2 बजे शिवपुरी से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

# श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन

पुष्पांजलि टुडे से विजय परिहार की रिपोर्ट करेरा।

श्री श्री 1008 श्री हनुमानगढ़ी सरकार मामूनी खुर्द के पावन स्थल पर श्री मद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन निम्न अतिथियों में किया जा रहा है जिसमें कथावाचक के रूप में पंडित श्री सुधीर शास्त्री जी अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त के मुखारविंद से श्रीमंत श्रीमद् भागवत सप्ताह का ज्ञान श्रद्धालुओं को दिया जा रहा है जो शुभारंभ दिनांक 23 जनवरी 2023 को कलश यात्रा प्रारंभ बड़ी धूमधाम से की गई जिसमें हमारे हनुमानगढ़ी सरकार के महंत श्री श्री 108 चेतन पुरी महाराज जी के आशीर्वाद से और उनकी असीम कृपा से आचार्य जी श्री प्रमोद कुमार शास्त्री मामूनी खुर्द पाठ करता श्री विष्णु मिश्रा जी एवं यजमान दाऊ साहब श्री अर्जुन सिंह श्रीमती राजेश राजे परमार और ग्राम महामुनि खुर्द के हनुमानगढ़ी सरकार सेवा समिति के समस्त आयोजक के द्वारा इस ज्ञान गंगा का शुभारंभ



और आयोजक करता ** श्री हरिशंकर शर्मा मोनू महाराज श्री विवेक मिश्रा श्री राजकुमार लोधी श्री राम कुमार लोधी श्री प्रागी लाल लोधी घुयान लोधी रमेश लोधी अजब सिंह पाल राकेश पाल जगदीश पाल हरिश्चंद्र लोधी दाता रामपाल तख्त सिंह पाल महेश लोधी कैलाश झा राजेश विश्वकर्मा राजेश लोधी संतोष लोधी सोहन सिंह लोधी प्रवेश लोधी राजेंद्र लोधी कालीचरण रोधी पहलाद लोधी मजबूत पाल सुनील लोधी ओमप्रकाश लोधी राजेश सेन हरज्ञान लोधी देवेंद्र लोधी बल्लू लोधी सुरेंद्र सेन अनिल पाल कमल सिंह लोधी के अथक प्रयासों से यह श्रीमद् भागवत सप्ताह का आयोजन ग्राम मामूनी खुर्द मैं किया जा रहा है जिससे हमारे आसपास के क्षेत्र में धार्मिक ज्ञान प्राप्त कर और अपने आत्मा को शांति प्रदान करें और श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा का अधिक से अधिक संख्या में आकर रसपान करें भंडारा एवं हवन 30 जनवरी 2023 को संपूर्ण होगा

## खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में मनेगा गणतंत्र दिवस समारोह



जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना

**शिवपुरी, /** भारत के 74 वें गणतंत्र दिवस का समारोह 26 जनवरी को मनाया जाएगा। शिवपुरी जिले में खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया शिवपुरी के पोलो ग्राउंड (तात्याटोपे स्टेडियम) पर आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण करेंगीं। ध्वजारोहण पश्चात परेड का अवलोकन करेंगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगी। इसके बाद मार्च पास्ट का अवलोकन करेंगीं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग थीम पर झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह में उत्कृष्ट परेड एवं झांकियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

ग्राम पंचायत में सोसायटी गोदाम संचालित होने से पंचायत के काम मे व्यवधाम

# अलग से उचित मूल्य दुकान सह गोदाम की ग्रामीण कर रहे हैं मांग लेकिन अभी तक पूरा नहीं






**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद मैनपुर। विकास खंड मुख्यालय मैनपुर राजापड़ाव क्षेत्र के ग्राम पंचायत अड़गडी के भवन में ही उचित मूल्य की दुकान खाद्यान्न सोसायटी संचालित होने के कारण पंचायत के विकास कार्यो सहित ग्राम सभा बैठक रिकॉर्ड संधारण सहित बहुत सारे कार्यों में व्यवधान होता है।ग्राम पंचायतों के बैठक के दिन ही सोसायटी के खुलने से ग्रामीणों की भीड़ हमेशा बनी रहती है जिसके कारण ग्राम पंचायतों के सफल बैठक संपादित नहीं हो पाता है।ज्ञात हो कि शोभा ग्राम पंचायत से अड़गडी 2005 मे अलग हुआ उसके बाद दो साल तक आँगनबाड़ी भवन मे ही ग्राम पंचायत संचालित हो रहा था 2006-7 में पुराने मापदंड से ग्राम पंचायत भवन का निर्माण हुआ जहां पर तीन कमरा और एक बरामदा है जिसमें 3 कमरा पर सोसायटी के सामाग्री एवं खाद्यान्न का वितरण होता है।एक ही कमरा में पंचायत के रिकॉर्ड कुर्सी टेबल दरी गोदरेज के अलावा मीटिंग भी उसी में संचालित होता है ग्राम सभा के दिन तो ग्रामीणों को बाहर ही रहना पड़ जाता है।इन सब परेशानियों को देखते हुए ग्रामीणों के द्वारा कई बार उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम के लिए अलग भवन निर्माण की मांग किया जाता रहा लेकिन अभी तक बुनियादी मांग पर शासन प्रशासन गंभीर होता नहीं दिख रहा है जिसके लिए जिले के कलेक्टर से ग्राम पंचायत अड़गडी के ग्रामीणों के द्वारा खाद्यान्न सोसायटी के लिए गोदाम निर्माण की मांग किए हैं

# मोर आवास मोर अधिकार को छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा मजदूरों किसानों का हक मारकर प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित कर रखा हलमन धुवा





**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद अमलीपदर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत खरी पथरा मोर आवास मोर अधिकार योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों के हित में जिला भाजपा आने वाले दिनों में एक बड़ा आंदोलन करने की तैयारी करने जा रहे हैं इस संबंध में मोर आवास मोर अधिकार की में उपस्थित में जिला भाजपा कार्यालय में तथा मंडल गोहरपदर के बैठक के मार्गदर्शन दिया गया जिसमें ग्राम पंचायत खरी पथरा मैं प्रमुख वक्ता श्री हलमन ध्रुवा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुसूचित जनजाति मोर्चा छत्तीसगढ़ी हितग्राहियों से भेंट कर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी इसी कड़ी में मोर आवास मोर अधिकार के तहत हलमन धुर्वा ने कहा प्रधानमंत्री आवास के रुके हुए मामलों को जगह-जगह उठाना है जुड़वा जी क्षेत्र में लगातार दौरा कर भाजपा संगठन को मजबूत और एक सूत्र में बांधने का कार्य कर रहे हैं ध्रुवा जी विन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के लोकप्रिय प्रभावशाली नेताओं में से एक है ध्रुवा जी ने कहा बहुत जल्द समस्या का समाधान होगा हर गरीब को घर मिलेगा मोर आवास मोरअधिकार अभियान के प्रमुखता से भागीदारी में रहे पुनीत राम धुर्वा शिव राज यादव रघुनाथ यादव शोभित हुआ खुदस्वर यादव धनीराम बघेल संगीत महिला हितग्राही बड़ी संख्या में शामिल हुए

# परीक्षा में चर्चा संवाद में शामिल हुए छुरा में माननीय सांसद चुन्नीलाल साहू जी

**संवाददाता हेमचंद नागेश**





**गरियाबंद रसेला।** छात्र-छात्राओं की परीक्षा की प्रति तनाव को दूर करने के लिए संवाद कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसेला में जिला स्तरीय एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का समापन समारोह हम संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि चुन्नीलाल साहू सांसद महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अध्यक्षता गोवर्धन मांझी पूर्व संसदीय सचिव विशिष्ट अतिथि के रुप केशरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य,राजेश साहू जिला अध्यक्ष भाजपा,थानेश्वर कंवर सभापति जनपद पंचायत छुरा हेमलता ध्रुव जनपद सदस्य,बिगेन्द्र ठाकुर सरपंच,परमेश्वर यादव उसरपंच,बशीर खान अध्यक्ष शाला विकास समिति मंचासीन रहे।सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मास भारती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना दीप प्रज्वलन या गया पश्चात अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति द्वारा किया गया आयोजक समिति के जिला प्रभारी तोकेश्वरी मांझी जनपद अध्यक्ष ने कार्यक्रम के उद्देश्य के संबंध में बताते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 2018 से छात्र छात्राओं के साथ परीक्षा पे चर्चा की शुरुआत हुई जो आज पर्यन्त प्रतिवर्ष जानी है मुख्य अतिथि चुन्नीलाल साहू ने कहा कि इस बार परीक्षा पर चर्चा का संवाद कार्यक्रम आदिवासी विषय क्षेत्र में किया गया उड़ीसा सीमा से लगे अंतिम ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों के लिए परीक्षा के समय आने वाले भत् को उतारने के लिए मूलमंत्र दिया गया विद्यार्थियों के लिए 28 मंत्र व पालको के लिए 06मंत्र सुझाव काफी लोकप्रिय है कार्यक्रम को गोर्वधान मांझी राजेश साहू ने भी संबोधित किया आठ एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया साथ ही स्कूल के सभा गीता हेतु स्मृति चिन्ह प्रदान किया है जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसेला रुवाड़ कोठीगांव कनसिंघी द्वारा एवं पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास शामिल है कार्यक्रम में कला क्षेत्र में प्रेमान ध्रुव,ओंकार ओटी, मुढीपानी,खेल क्षेत्र में नरेश ध्रुव राष्ट्रीय खिलाड़ी कबड्डी,शिक्षक क्षेत्र में सुखीराम निषाद,जंभेश्वर गिरी गोस्वामी,के आर सिन्हा, सभी सेवानिवृत्त सामाजिक क्षेत्र में शीतल ध्रुव,दयाराम,भी सम्मानित हुए।कार्यक्रम का संचालन दयाराम साहू शिक्षक ने किया बच्चों ने संवाद कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया जूरी मेंबर के रूप में गौतम सिन्हा,पुरानिक नागेश,ने दायित्व निर्वहन किया कार्यक्रम में रोहित साहू जिला पंचायत सदस्य,खोमन चंद्राकर नगर पंचायत छुरा अध्यक्ष, पीलू राम यादव मंडल अध्यक्ष,लोक राम यादव जी ग्राम पटेल रसेला, दुखीराम यादव ग्राम प्रमुख,देवेश ठाकुर,कमलेश्वर नायक,भाव सिंह मरकाम,जगदीश राम यादव,श्यामलाल सोरी,सहित विद्यालय परिवार गैंदराम खुंटे व्याख्याता,योगिता साहू व्याख्याता,उषा देवांगन व्याख्याता,संजय कुमार डोगरें, राजेंद्र वर्मा,ग्राम के प्रबुद्ध जन, सामाजिक नागरिक सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगीराज एवं मंडल अध्यक्ष गुरूनारायण के नेतृत्व में युवा मोर्चा ने निकाली साइकिल रैली

**संवाददाता हेमचंद नागेश**


**गोहरापदर–** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य योगीराज माखन कश्यप एवं मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी के नेतृत्व में सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर परिवर्तन यात्रा के रूप में साइकिल रैली निकाली गई.जिसे भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश के आव्हान पर पूरे प्रदेश में सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर भाजयुमो साइकिल यात्रा निकाल कर परिवर्तन लाने के लिए संकल्प कर रही है इसी तारतम्य में लगभग 5 किलोमीटर लंबी साइकिल यात्रा कर आमजनता से कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए और युवाओं में जोश भरने के लिए आयोजन किया गया था जिसमें भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए.भाजयुमो जिलाध्यक्ष एवं नव नियुक्त ज़िलाध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के शासन में आज पूरे राज्य में भ्रष्टाचार व्याप्त कमीशनखोरी से जनता के हक को छीनने का काम ये कांग्रेसी कर रहे है राज्य के कोने कोने से परिवर्तन आवाज़ निकल रही है और हम सब युवा मोर्चा के कार्यकर्ता इस आवाज़ को और मज़बूत करने का कार्य कर रहा है आने वाले दिनों में प्रदेश की जनता इस जन विरोधी नीति वाली कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकने की तैयारी में है.भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कहा छत्तीसगढ़ की जनता को 36 वादों का झाँसा देकर सत्ता पाने वाली कांग्रेस पार्टी आज केंद्र सरकार के ऊपर लांछन लगाने के अलावा और कोई कार्य नहीं कर रही है.पवित्र गंगा जल को हाथ में लेकर 36 वादों को पूरा करने की बात करने वाले ये कांग्रेस आज घोषणा पत्र की बात करने थे मुँह छुपाते घूम रहे हैं,जनता तैयार है अपनी जन हितैषी सरकार लाने की तैयारी में है जनता के भरोसे को जीतते हुए हम 2023 में भाजपा की विजय पताका फहराएँगे,कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री तानसिंह मांझी,भाजयुमो मंडल प्रभारी हरिशंकर मांझी, सहप्रभारी लीलेश डोंगरे,भोजराज सिन्हा,लम्बोदर साहू,बेनुराम नागेश,धनीराम सिन्हा,गोवर्धन मरकाम, कीर्तनराम यादव,रुपसिंह मरकाम,देवीसिंह नागेश,हेमराज मांझी,सुरेंद्र पुजारी,सुंदर नागेश,रोहित नागेश,मालखम जगत सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे





## किसानों का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 27 से ,समस्याओं को उठायेंगे

ग्वालियर। राष्ट्रीय किसान संगठन के बेनर तले 25 राज्यों से आकर किसान अपनी समस्याओं के संबंध में विचार विमर्श कर समस्याओं को उठायेंगे और इसी क्रम में 29 जनवरी को सुबह 10 बजे रैली निकालकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम से दो अलग-अलग ज्ञापन दिये जायेंगे। यह बात अधिवेशन के संयोजक परमाल सिंह जाट व राष्ट्रीय संगठन मंत्री कुबेर सिंह ने मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। राष्ट्रीय संगठन मंत्री कुबेर सिंह ने बताया कि यह एक तरह से किसानों का अधिवेशन होगा। मुरार स्थित मदन मोहन मंदिर में तीन दिन तक विभिन्न सत्रों में 25 राज्यों से आने वाले किसानों की बात सुनी जायेगी। 27 जनवरी को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवदेव सिंह अधिवेशन का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद 28 जनवरी को विभिन्न सत्रों में किसानों के ज्वलंत मुद्दे एवं अन्य राज्यों के हिसाब से विभिन्न प्रकार की समस्याओं को सुनकर निराकरण कराने के लिये ज्ञापन तैयार किया जायेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय किसान संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष भास्कर राव, राष्ट्रीय मंत्री देशराज मोदगिल, हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय संगठन मंत्री कुबेर सिंह व प्रादेशिक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन संयोजक जाट बताया कि किसानों की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिये हर साल अलग राज्य में यह अधिवेशन किया जाता है, लेकिन कोविड-19 के चलते बीते तीन साल से अधिवेशन नहीं हो सका है। राजस्थान के कोटा के बाद तीन साल बाद ग्वालियर में राष्ट्रीय अधिवेशन होने जा रहा है।



# पठान की रिलीज से पहले एसआरके ने जोड़े हाथ, इस वजह से सरेआम माफी मांगते दिखे किंग खान

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की मच-अवेटेड फिल्म पठान रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म को लेकर फैंस के बीच अलग ही क्रेज देखने को मिल रहा है। इस फिल्म से किंग खान चार साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। ऐसे में फैंस अपने पंसदीदा एक्टर को सिल्वर स्क्रीन पर देखने को बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पठान 25 जनवरी 2023 को सिनेमाघरो में रिलीज होने जा रही है। पठान रिलीज से विवादों में घिरी हुई है, फिल्म के गाने बेशर्म रंग को लेकर पहले काफी विवाद हो चुका है। इतना ही नहीं फिल्म को बॉयकॉट करने की मांग भी उठ चुकी है और कई संगठन तो शाहरुख खान के पुतले भी जला रहे हैं। मगर हंगामे के बीच इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि शाहरुख खान आज भी लोगों के दिलों के बादशाह हैं। शाहरुख खान के बर्थडे पर हर साल उनके घर के बाहर लाखों लोगों की भीड़ जमा होती है।जो किंग खान की एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। मगर इस बार ऐसा ही नजारा 22 जनवरी को मन्नत के बाहर देखने को मिला। जहां पठान की रिलीज से पहले फैंस अपने फेवरेट एक्टर को उनकी कमबैक फिल्म के लिए बधाई देने पहुंचे। हर बार की तरह इस बार भी शाहरुख ने अपने फैंस का दिल नहीं तोड़ा। और वह झट से अपने घर मन्नत की छत पर आए और रेलिंग पर चढ़कर हाथ जोड़कर फैंस के इस बेइंतहा प्यार के लिए शुक्रिया अदा करते दिखें। सुपरस्टार को देख भीड़ झूम उठी और सबने सीटियां बजाना और शाहरुख खान चिल्लाना शुरू कर दिया। मगर इस दौरान शाहरुख के घर मन्नत के बाहर फैंस की भीड़ की वजह से जाम लग गया और जिसकी वजह से वहां से गुजरने वाली गाड़ियां काफी देर तक वहां फंसी रह गई। ऐसे में शाहरुख खान ने ट्वीटर अकाउंट एक वीडियो शेयर करते हुए ट्रैफिक मैनेज करने वालों से माफी मांगी। इसी के साथ उन्होंने अपने चाहने वालों और फैंस का भी शुक्रिया किया। किंग खान ने वीडियो शेयर करते हुए ट्वीट कर लिखा, थैंक्यू इस शानदार संडे की इवनिंग के लिए। सॉरी लेकिन उम्मीद करता हूं कि लाल गाड़ी वालों ने अपनी कुर्सी की पेटी बांध ली थी। पठान के लिए अपने टिकट बुक कर लीजिए और मैं फिर अगली बार वहीं मिलूंगा। ट्वीट के साथ शाहरुख ने पठान के टिकट बुक करने के लिए लिंक भी शेयर किया है।




# बुरे वक्त में फरिश्ता बने अक्षय कुमार, इमरान हाशमी के बेटे को कैंसर होने पर बढ़ाया था मदद का हाथ



अक्षय कुमार और इमरान हाशमी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सेल्फी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में अक्षय और इमरान को साथ में स्क्रीन स्पेस शेयर करने वाले हैं। फिल्म के टीजर और ट्रेलर आउट हो चुके हैं और दोनों को ही फैंस का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसी बीच अक्षय कुमार को लेकर इमरान हाशमी ने चैंकाने वाला खुलासा किया है। दरअसल, हाल ही में अक्षय कुमार और इमरान हाशमी फिल्म सेल्फी के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर पहुंचे थे। जहां दोनों स्टार्स के बीच जबरदस्त बॉन्डिंग देखने को मिली। इस दौरान इमरान हाशमी ने बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार की जमकर तारीफ की। इस दौरान ही इमरान ने अक्षय को एक फरिश्ता भी बताया। चलिए बताते है कि इमरान ने अक्षय को फरिश्ता क्यों बताया। सेल्फी के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर इमरान हाशमी और अक्षय कुमार ने अपनी फिल्म को लेकर खुलकर बात की। फिल्म के अलावा भी दोनों ने कई चीजों को लेकर बातचीत की। इमरान हाशमी ने ये भी खुलासा किया कि जब उनके बेटे को कैंसर हो गया था तो बॉलीवुड के इस एक्टर ने उनका मुश्किल वक्त में साथ दिया था। इमरान हाशमी के फैंस इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि सालों पहले इमरान के बेटे अयान को कैंसर हो गया था।

## शादी के 5 साल बाद दीपिका कक्कड़ के घर गुंजने वाली हैं किलकारियां, कपल ने क्यूट अंदाज में अनाउंस की प्रेग्नेंसी

छोटे पर्दे पर सिमर के नाम से मशहूर टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड किसी ना किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। दीपिका कक्कड और शोएब इब्राहिम की शादी के बाद से ही ये कपल अक्सर किसी ना किसी वजह से चर्चा में छाया रहता है। वहीं अब इस फेमस कपल की लाइफ में जल्द ही एक नया मोड़ आने वाला है जिसकी जानकारी खुद कपल ने इंस्टाग्राम पर दी है। दरअसल, कलर्स टीवी के पॉपुलर सीरियल ह्यससुराल सिमर काह्न फेम दीपिका कक्कड़ जल्द ही मां बनने वाली हैं। काफी समय से दीपिका की



प्रेग्नेंसी की खबरें सामने आ रही थीं। मगर, अब फाइनली दीपिका और उनके पति शोएब इब्राहिम ने प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट कर दी है। पॉपुलर कपल ने सोशल मीडिया के जरिए ये गुड न्यूज अपने फैंस और चाहने वालों के साथ साझा की है। दीपिका कक्कड और शोएब इब्राहिम ने इंस्टाग्राम पर एक क्यूट सी फोटो पोस्ट की है। सामने आई फोटो में दोनों में किसी का भी चेहरा नजर नहीं आ रहा है। क्योंकि फोटो में दोनों बैक साइड से पोज दे रहे हैं। कपल ने व्हाइट कलर के आउटफिट के साथ कैप लगाई हुई है और उनके कैप पर मॉम और डैड लिखा हुआ है। दोनों की यह फोटो काफी प्यारी लग रही है और फैंस को भी कपल का ये अंदाज काफी पसंद आया है। क्यूट फोटो को शेयर करते हुए उन्होंनि एक नोट भी शेयर किया है। कपल ने कैप्शन में लिखा, ह्आभार, खुशी, उत्साह और साथ ही घबराहट से भरे दिलों के साथ इस खबर को आप सभी के साथ साझा कर रहे हैं। हमारी लाइफ का ये सबसे खूबसूरत फेज है... हां हम अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं !! जल्द ही पैरेंटहुड अपनाने जा रहे हैं, हमारे छोटे बेबी के लिए आपकी ढेर सारी दुआओं और प्यार की जरूरत है। इस खबर के सामने आते ही स्टार कपल के फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। इस खबर ने दोनों के चाहने वालों का दिल खुश कर दिया है और सभी लोग कपल को कॉमेंट बॉक्स में जमकर बधाई दे रहे हैं।

# अस्पताल में भर्ती हुई शीजान खान की बहन, मां बोली मुस्लिम होने की सजा मिल रही है



तुनिषा शर्मा सुसाइड केस में अब तक कोई खास अपडेट नही आया है पर उनके बॉयफ्रेंड शीजान खान पुलिस की हिरा में है जब्कि तुनिषा की मौत को अभी एक महीना होने वाला है। शजीन खान की बहने और उनके परिवार वाले लगातार शजीन की बेल की मांग कर रहे हैं। उनके परिवार का कहना है कि शजीन के खिलाफ कोई सबूत नही है तो उसे जेल मे क्यों बंद किया है। इसी बीच खबर आई है कि शजीन की बहन नाज की अचानक तबीयत खराब हो गई है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाल ही में शीजान खान की मां ने एक फोटो सोशल मीडिया पर साझा की है जिसमें शीजान की बहन फलक नाज दिख रही हैं। फोटो में वह अस्पताल में भर्ती हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उनकी मां ने एक नोट भी शेयर किया है। फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, ह्मुझे ये समझ में नहीं आ रहा है कि मुझे सजा किस बात की मिल रही है और क्यों ? मेरा बेटा शीजान पिछले एक महीने से बिना किसी सिंगल सबूत के कैदियों की तरह जेल में सजा काट रहा है। मेरी बच्ची फलक अस्पताल में भर्ती है। शीजान का छोटा भाई भी बीमार है। क्या एक मां को किसी दूसरे बच्चे को किसी भी मां की तरह प्यार करना गुनहा है या शीजान और तुनिषा का अपने रिलेशनशिप से दूर होना गुनहा है ह्व उन्होंने आगे कहा कि हमें उस बच्ची को प्यार करने का हक नही था क्योंकि हम मुस्लिम है। हाल ही में दिसंबर 24 को तुनिषा ने आत्महत्या कर ली थी जिसके बाद तुनीषा की मां ने शीजान खान के खिलाफ पुलिस केस दर्ज कराया था तब से ही वह जेल मे है और उनके परिजन उनके घर आने की राह देख रहे है। बता दें कि तुनीषा को मरे लगभग एक महीना होने को है मगर यह मामला दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है सोशल मीडिया पर लोग लागातार इसका विरोध कर रहे है नौबत यह आ गई कि तुनीषा सुसाइड केस को अब हिन्दु मुस्लिम विवाद बनाया जा रहा है तो वही दूसरी और शीजान की मां उनके जेल से निकलने की गुहार लगा रही है।



# बिग बॉस 16 फेम प्रियंका चाहर की चमकी किस्मत, सलमान खान ने दे दिया ये बेशकीमती तोहफा

छोटे परदे का फेमस रियलिटी शो बिग बॉस अब अपने फिनाले के करीब जाता हुआ दिखाई दे रहा हैं। ऐसे में अब सारे ही कंटेस्टेंट काफी ज्यादा जद्दोजहत से गेम को जीतने के लिए लगे हुए हैं। ऐसे में अब बिग बॉस का ये गेम और भी ज्यादा रोमांचक होता हुआ दिखाई दे रहा हैं। वही बिग बॉस का घर एक ऐसा घर है जहां कंटेस्टेंट के घर से निकलते ही किसमत चमकनी शुरू हो जाती हैं। लेकिन इस बार तो एक कंटेस्टेंट की घर में रहते ही किस्मत चमक गयी हैं। दरअसल ये कंटेस्टेंट कोई और नहीं बल्कि सीजन के शुरूआत से ही अपनी आवाज का दम-खम दिखाने वाली कंटेस्टेंट प्रियंका चाहर चैधरी हैं। गेम के शुरूआती दिनों से प्रियंका काफी स्ट्रांग गेम खेलती हुई दिखाई दे रही हैं। इस बात की प्रशंसा दर्शकों के साथ-साथ शो के होस्ट सलमान खान भी कई बार कर चुके हैं। ऐसे में सलमान खान प्रियंका चैधरी को एक और अनोखा ऑफर देते हुए दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, वीकेंड के वार पर सलमान खान ने कुछ ऐसा कह दिया कि जिससे प्रियंका चाहर चैधरी के फैंस की खुशी सातवें आसमान पर पहुंच गई। सलमान सभी घरवालों से बातचीत कर रहे थे। तभी उन्होंने प्रियंका चाहर से कहा कि जब इस घर से बाहर निकलना तो मेरे पास आपके लिए एक बड़ा ऑफर है। बता दें कि लोगों का ये मानना है कि प्रियंका जल्द ही सलमान खान की किसी फिल्म में नजर आने वाली हैं। वहीं अर्चना गौतम ने इसके लिए प्रियंका को ढेर सारी बधाइयां दी है। उन्होंने कहा कि सलमान सर ने प्रियंका की लाइफ बदल दी है। वो उनके लिए काफी खुश हैं। बता दे की कल बिग बॉस के घर में एलिमिनेशन की प्रक्रिया की गयी जिसमे दर्शकों के कम वोट मिलने की वजह से सौंदर्य शर्मा को घर से बेघर कर दिया गया हैं। वही सौंदर्य के घर से जाने पर अर्चना गौतम और निमृत काफी भावुक होती हुई भी नजर आई। वही अब घर में सिर्फ 8 कंटेस्टंट ही बचे हुए हैं। फिलहाल निमृत कौर के पास टिकट टू फिनाले है और वो घर की कैप्टन हैं। ऐसे में अब बिग बॉस एक बार फिर से गेम खेलने वाले हैं।

# अघोषित बिजली कटौती ,मनमाने बिजली के बिल को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

**ग्वालियर**..अनाप शनाप बिजली बिल ,अघोषित विद्युत कटौती एवं गरीबों के काटे जा रहे विद्युत कनेक्शन एवं कनेक्शन के नाम पर वसूली , अत्याधिक राशि आंकलित खपत के नाम पर बढ़े हुए बिजली के बिल के विरोध में शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर तानसेन नगर बिजली घर पर कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने धरना दिया । जिला कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि जब से ऊर्जा मंत्री प्रदुमन सिंह तोमर भाजपा में गए हैं तब से वह झूठ बोलने के साथ-साथ निर्दयी और अत्याचारी भी हो गए हैं उन्होंने करोना काल की याद दिलाते हुए बताया कि जब लोग तड़प तड़प कर मर रहे थे उनके उद्योग धंधे नौकरियां जा रही थी उसके बावजूद भी भाजपा ने उनका बिल माफ नहीं किया कांग्रेस में करोना काल के बिलों को माफ करने के लिए आंदोलन किए तब उन्होंने उन बिलों को फ्रीज कर दिया लेकिन आज वह सारे बिल जनता से वसूले जा रहे हैं। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने कहा कि मंत्री जी पहले तो गरीबों की बात करते थे उनके लिए खंभों पर चढ़ते थे बिजली घरों का घेराव करते थे धरने देते थे लेकिन आज उन्हीं के राज़ पर गरीबों के साथ अत्याचार हो रहे हैं, गरीबों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं अंकलित खपत के नाम पर जनता से मोटी रकम वसूली जा रही है उन्हीं की विधानसभा में रोज-रोज अघोषित कटौती के नाम पर घंटों की कटौती की जा रही है यह सब मंत्री जी की नाक के नीचे हो रहा है उन्होंने कहा घास मंडी में कई दिनों से अघोषित कटौती हो रही है मेंटेनेंस के नाम पर और मेंटेनेंस कहीं दिखाई दे नहीं रहा है उन्होंने विद्युत कनेक्शनों की ब?ाई गई राशि पर भी मंत्री को घेरते हुए कहा अगर व्यक्ति अब कनेक्शन लेना चाहे तो उसकी भी राशि इतनी हो गई है कि गरीब आदमी अब बिजली का कनेक्शन नहीं ले पाएगा उन्होंने कहा कि ग्वालियर विधानसभा के हर बिजली घर के सामने कांग्रेस पार्टी निरंतर संघर्ष कर जनता को राहत दिलाने का काम करेगी उन्होंने कहा कि मंत्री जी नौटंकी बंद कीजिए और जनता को राहत दीजिए। धरने का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष मुनेंद्र सिंह भदौरिया एवं आभार ब्लॉक अध्यक्ष नवीन भदकारिया ने किया ।

# आज का युवा भारत को विश्वगुरु बनाने को संकल्पित है: प्रतीक तिवारी

**ग्वालियर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्य प्रदेश द्वारा खेलेगा मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्वालियर महानगर के रानी लक्ष्मीबाई मंडल द्वारा मंगलवार को डीएवी स्कूल में कुश्ती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजयी हुए पहलवान छोटू यादव को पुरस्कार एवं ट्रॉफी वितरण की गई। इस अवरस पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने कहा कि देश का नेतृत्व करने के लिए लोग भाजपा को देख रहे हैं। देश की आधी से अधिक जनसंख्या युवा है। आज का युवा भारत को विश्वगुरु बनाने को संकल्पित है। ऐसे में युवा मोर्चा के कार्यकताओं का दायित्व है कि वे अधिक से अधिक युवाओं को भाजपा से जो?। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनमोहन पाठक, मंडल महामंत्री छोटे तोमर,




जिला उपाध्यक्ष अमित जैन, जिला सह कार्यालय मंत्री हिमांशु शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी विवेक पाल, वार्ड 32 के संयोजक शलभ गुप्ता, कुलदीप चौहान, अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जावेद खान, शिवा झा, रवि यादव, अध्ययन शर्मा, दीपू तोमर, विनोद तिवारी,सक्षम गुरहा सहित सभी पहलवान उपस्थित रहे।

# बंसत पचमी पर नगर निगम कराएगा 49 सर्वजातीय कन्याओं के विवाह एवं निकाह



**ग्वालियर ।** नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत 26 जनवरी फूलबाग मैदान पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में निगम द्वारा 49 सर्वजातीय कन्याओं के विवाह एवं निकाह सम्पन्न कराए जाएंगे। आयोजन में सम्मिलत होने वाले वर वधु के परिजन 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे तक फूलबाग बारादरी में स्थित विवाह स्थल में आवश्यक रुप से पहुंच जाएं।

# यूरोपियन दल ने निगमायुक्त के साथ की शहर के नए स्टार्टअप को लेकर चर्चा

**ग्वालियर ।** नए स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं को अत्याधुनिक तकनीक से अवगत कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे समन्वय प्रोग्राम के तहत बेल्जियम की ल्यूबिन सिटी से 6 सदसीय दल मंगलवार को ग्वालियर में आया। दल के सदस्यों का स्वागत सिटी प्लानर पवन सिंघल एवं नोडल अधिकारी शिशिर श्रीवास्तव ने किया।यूरोपियन दल के सदस्यों द्वारा निगम मुख्यालय में नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल से भेंट कर शहर के विकास एवं शहर में नए स्टार्टअप को लेकर चर्चा की एवं अपने सुझाव दिए। दल में ल्यूबिन सिटी के डिप्टी मेयर ललिन वडेरा, गेर्टुई वनलू, सीईओ सिटी ऑफ ल्यूबिन, पेट्रीसिया स्कूलमेस्टर्स, ल्यूबिन शहर के आर्थिक विभाग की प्रमुख, जैन पेसेन, सीईओ ल्यूवेन माइंडगेट, मार्टीन टॉर्फ्स, प्रमुख पूर्व छात्र विभाग केयू ल्यूबिन, गीर्ट रोबेरेच्ट्स, निदेशक, इंडिया हाउस ल्यूबिन। नोडल अधिकारी शिशिर श्रीवास्तव ने बताया कि दल के सदस्यों ने पहले दिन मोतीमहल स्थित निगम के संग्रहालय का निरीक्षण किया तथा बैजाताल में नौकायन किया। दल के सदस्यों ने हेरिटेज जोन को देखकर



प्रसन्नता जाहिर की। इसके बाद उन्होंने स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित कंट्रोल एण्ड कमांड सेंटर का भ्रमण कर शहर की यातायात व्यवस्था कैसे संचालित होती है देखी। उन्होंने महाराज बाडा पहुंचकर महाराज बाडे स्थित हेरीटेज इमारातों के साथ ही महाराज बाडे के बाजार में भ्रमण किया। दल द्वारा शहर का विकास कैसे हो किन चीजों की प्राथमिकता हो आदि बिंदुओं पर अपने सुझाव दिए तथा ग्वालियर शहर में किए जा रहे विकास कार्यो को देखा।उल्लेखनीय है कि यूरोपियन शहरों की तर्ज पर ग्वालियर शहर का विकास करने के लिए इंटरनेशनल अरबन कॉर्पोरेशन द्वारा ग्वालियर का विकास बेल्जियम की ल्यूबिन सिटी के साथ समन्वय बनाकर दोनों शहरों के अच्छे कार्यो को एक-दूसरे शहरों में शुरू करने का काम किया जा रहा है और शहर के स्टार्टअप एवं ल्यूबिन के स्टार्टअप को एक-दूसरे के समन्वय से बेहतर बनाने एवं इनक्यूबेशन सेवाए और समर्थन को प्रामोट करने के लिए ल्यूबिन और ग्वालियर के बीच पूर्व में एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए है।

# उपायुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश

**ग्वालियर।** आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित



निराकरण के लिए जनसुनवाई के तहत आज नगर निगम ग्वालियर में उपायुक्त प्रदीप श्रीवास्तव एवं सुश्री मिनी अग्रवाल ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।सिटी सेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 13 कोटा वाला मोहल्ला की श्रीमती विशन देवी ने अवैध निर्माण कार्य रोकने, वार्ड 41 मोटे गणेश मंदिर के सामने वाली गली की श्रीमती नेहा अग्रवाल ने अवैध निर्माण हटाने के संबंध मे, वार्ड 19 गोले का मंदिर के सुनील कुमार शर्मा ने अतिक्रमण कर बनाई गई झुग्गी झोपडी को हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 11 सिविल हॉस्पिटल के सामने आरके सिंह ने सरकारी भूमि पर कब्जा हटाने के संबंध में अपना आवेदन उपायुक्त प्रदीप श्रीवास्तव को दिया। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई आदि से संबंधित 16 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश उपायुक्त ने दिए।

# गांधी चौपाल में विधायक डॉ. सिकरवार ने सुनी आम-जन की समस्यायें

**ग्वालियर।** 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक वार्ड क्रमांक 23 अरब शाह की दरगाह के सामने वाली गली जगजीवन नगर, वार्ड क्रमांक 45 सनातन धर्म मंदिर के पीछे ललितपुर कॉलोनी एवं वार्ड क्रमांक 23 कबीर आश्रम के पास गल्ला कोठार में कांग्रेस पार्टी द्वारा गांधी चौपाल के आयोजन में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आम जन की समस्याओं को सुना और तुरन्त संबधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। कार्यक्रम में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार का नागरिकों द्वारा पुष्?पहार पहनाकर स्वागत किया गया।गांधी चौपाल कार्यक्रम में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने जनता को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा ने लोगों को गुमराह करने, झूठे वादे कर वोट बटोरने, पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनना तय है, ये मतदाताओं ने मानस बना लिया है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत, गौरवशाली परम्परा के कारण ही भारत एक मजबूत अर्थवस्था और विश?वशक्ति के रूप में उभरा है। गांधी चौपाल कार्यक्रम में संगठन



लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण में कांग्रेस पार्टी के योगदान, बलिदान और मंत्री सुरेन्द्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव अपोरिया, ब्लॉक अध्यक्ष गिर्राज शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अनूप शिवहरे, सुधीर मण्डेलिया, डॉ. कमलेश इंदौरिया, पार्षद अंकित कठठ्ल, मंडलम अध्यक्ष अनूप शिवहरे, सुनील रमपुरिया, सुनील चंद्रवंशी, रामसेवक माथुर, संतोषी लाल, ओ.पी. यादव, रामअवतार जाटव, श्रीमती सीमा समाधिया, महेन्द्र साहू, मिककी तोमर, सोनू भदौरिया, रियाज खान, गोविंद थौराठ, मोनू रजक, सुनील चंद्रवंशी, विजय सिंह, मुकेश चैरसिया, रामसेवक, गौतम कौशल, प्रीतम सिंह, कप्तान सिंह ठेकेदार, हरेन्द्र नागर आदि मौजूद रहे।

**सी.सी. रोड का भूमिपूजन किया** –नगर निगम के वार्ड क्रमांक 60 अलापुर गांव में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने सी.सी. रोड निर्माण के लिये भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद केदार बरहादिया, इंदर सिंह, नरेश सिंह, रणवीर सिंह, तहसीलदार सिंह, मनोज पाल सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवसएस एफ मैदान में परेड़ की फाइनल रिहर्सल हुई

**ग्वालियर।** सर्द हवा और हल्की फुहारों के बीच स्स्न मैदान में मंगलवार को गणतंत्र दिवस से पूर्व फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की गई। स्स्क्क अमित सांघी,एचबी शर्मा को गेस्ट बनाया गया। उन्होंने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर आरआई रंजीत सिंह भी उपस्थित थे। कोरोना संक्रमण से मुक्ति के बाद इस साल एसएएफ मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो पिछले तीन साल से बंदिशों के कारण बंद थे। स्कूली बच्चों ने भी एक के बाद एक रंगारंग कार्यक्रम पेश कर पसीना बहाया। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान यातायात पुलिस ने यातायात नियमों को लेकर झांकी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।




झांकी में दिखाया गया कि नियमों का पालन ना करने पर यमराज तैयार खड़े है वाहन चालकों को ले जाने के लिए। गणतंत्र दिवस समारोह में परेड देखने आने वाले दर्शकों की चेकिंग मुख्य द्वार पर की जाएगी। कार्यक्रम देखने आने वाले लोगों के लिए पृथक व्यवस्था की गई है और आमंत्रित अतिथियों के लिए पृथक व्यवस्था की गई है। 26 जनवरी को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ग्वालियर में ध्वजारोहण करेंगे।

**जगमग होने लगी इमारतें**–गणतंत्र दिवस पर जगह-जगह ध्वजारोहण किया जाएगा। शासकीय कार्यालयों से लेकर राजनैतिक दफ्तरों में ध्वजारोहण होगा और इमारतों को झिलमिल लाइटों से सजाया जा रहा है।

# मद्य निषेध संकल्प दिवस : 30 जनवरी को प्रदेश में होंगे विशेष आयोजन

**ग्वालियर ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की पुण्यतिथि 30 जनवरी पर प्रदेश में 'मद्य निषेध संकल्प दिवस% का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों को मद्यपान तथा मादक पदार्थो के दुष्परिणामों से जागरूक करना है। इस दिवस पर मादक द्रव्यों तथा मदिरा पान त्यागने हेतु संकल्प दिलाना एवं संकल्प लेने वालों से संकल्प पत्र भरवाने का कार्य भी किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण आयुक्त डॉ. ई रमेश कुमार ने आयोजन के संबंध में समस्त जिलों को निर्देश जारी किए हैं।प्रदेश में नशामुक्ति का वातावरण निर्मित होने के उद्देश्य से होने वाले संकल्प दिवस में ऐसे कार्यक्रम होगें जिनमें विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, स्थानीय निकाय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। सेमिनार, वर्कशाप, रैली, प्रदर्शनी, वाद-विवाद, निबंध लेखन, मानव श्रंखला, पोस्टर प्रतियोगिताए एवं नाटक, गीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम व सभाएं आयोजित कर मद्य निषेध संकल्प हेतु वातावरण निर्मित किया जाएगा।




# खुशियों की दास्तां: उन्नत खेती के संस्थान बन गए हैं नाहर

**ग्वालियर ।** एक ओर गेंदा-गेंदी की मनमोहक छटा तो दूसरी ओर गुलाबी रंगत बिखेरते गुलाब के पौधे। एक तरफ चेप्रो प्रजाति के मुर्गों का पॉल्ट्री फार्म तो दूसरी तरफ वर्मी कम्पोस्ट इकाई। इसी तरह एक किनारे पीला सोना अर्थात हल्दी की सौंधी महक तो दूसरे किनारे लहलहाते आलू और अमरूद के पौधे। मात्र पाँच बीघा में फैला ÷नम्बरदार कृषि फार्म÷ यह सब अपने भीतर समेटे है और सफल उन्नत खेती की दास्तां बयां कर रहा है। यह कहानी है ग्वालियर शहर से सटे ग्राम गिरवाई के उन्नत कृषक नाहर सिंह कुशवाह की। नाहर सिंह ने कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाकर उन्नत कृषि के क्षेत्र में नए और प्रेरणादायी आयाम स्थापित किए हैं। छोटे से कृषि फार्म से नाहर सिंह को हर साल औसतन तीन से पाँच लाख रूपए की आमदनी हो रही है। नाहर सिंह बताते हैं कि पहले हम पारंपरिक खेती करते थे, जिससे न के बराबर आमदनी होती थी। राज्य सरकार के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग की योजनाओं से हमारा जीवन ही बदल दिया है। वे बताते हैं कि वर्तमान में हमने अपने फार्म में दो बीघा में गुलाब, पत्तागोभी, प्याज व मटर की मिश्रित खेती कर रखी है। इससे हर माह 30 हजार रूपए की आमदनी हो रही है। इसके अलावा लगभग 40 हजार रूपए के गेंदा-गेंदी के फूल बिक जाते हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र की मदद से हमने पॉल्ट्री फार्म खोला है। इसमें वर्तमान में चेप्रो प्रजाति के लगभग 50 मुर्गा-मुर्गी हैं। एक मुर्गा 500 से 800 रूपए में और अण्डा 15 रूपए का बिक जाता है। पॉल्ट्री फार्म से लगभग 10 हजार रूपए की आमदनी प्रतिमाह हो जाती है।अपने कृषि फार्म में नाहर सिंह हल्दी व आलू का उत्पादन भी करते हैं। उन्हें उम्मीद है कि 75 हजार रूपए का आलू भी बेचेंगे। बैगन और अन्य सब्जियों से हो रही आमदनी विविध फसलों से हमारे खेतों में हरियाली की चादर बिखरी है, उसी तरह संयुक्त परिवार व्यवस्था से हमारे परिवार में खुशियों की महक छाई रहती है। नाहर सिंह अपने आप में उन्नत खेती के एक संस्थान बन गए हैं।



अलग है। भारतीय संस्कृति में रची-बसी संयुक्त परिवार व्यवस्था में नाहर सिंह को गहरी आस्था है और वे अपने कृषि फार्म में मकान बनाकर तीन भाईयों के संयुक्त परिवार के साथ रहते हैं। वे कहते हैं कि जिस प्रकार विभिन्न कृषि संस्थानों के विद्यार्थी उनके कृषि फार्म का भ्रमण करने आते हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्र के अधिकारियों ने भी पिछ्ले दिनों उनके फार्म का जायजा लिया था और तारीफ की थी।

**नए-नए अनुसंधानों में भी जुटे हैं** –अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन चुके नाहर सिंह कुशवाह कृषि के क्षेत्र में अनुसंधान भी कर रहे हैं। स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त नाहर सिंह ने अपने फार्म हाउस में अमरूद की लखनऊ-49, ग्वालियर-27 और बिलौआ-122 व ललित प्रजाति के पौधे लगाए हैं। उनका कहना है कि इन किस्मों के मिश्रण से हम अमरूद की एक नई किस्म ईजाद करेंगे, जिसका फल तो मीठा होगा ही, साथ ही उत्पादन भी अधिक होगा। देशभर के प्रतिष्ठित कृषि संस्थानों की सैर कर चुके हैं नाहर

नाहर सिंह कुशवाह बताते हैं कि कृषि विभाग के सहयोग से हमने कृषि अनुसंधान केन्द्र दिल्ली, लखनऊ और भोपाल सहित देश के प्रसिद्ध कृषि अनुसंधान केन्द्रों का भ्रमण किया है। इन केन्द्रों में मुझे जो भी अच्छा लगा उसे हमने अपने फार्म हाउस में मूर्तरूप दिया है।

**जैविक व मिश्रित खेती पर अधिक भरोसा** –नाहर सिंह बताते हैं कि हम अपने फार्म हाउस में एक फसल लगाने के बजाय मिश्रित फसलें लेते हैं, जिससे यदि एक फसल को कोई रोग लग भी जाए तो दूसरी फसल से उसकी भरपाई हो जाती है। वे बताते हैं कि अब हमने रासायनिक खेती की बजाय जैविक खेती को अपना लिया है। अपने फार्म में हम गौमूत्र से दवाईयाँ बना रहे हैं। साथ ही बेस्ट डी कम्पोजर भी पैदा करते हैं। सरकार से मिले अनुदान से हमने गोबर गैस प्लांट भी लगाया है, जिससे हम कम्पोस्ट खाद मिल जाता है। इस साल हमने ब? पैमाने पर वर्मी कम्पोस्ट इकाईयाँ भी स्थापित की हैं।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478